दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 245
कोटद्वार रविवार
8 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com



कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## अंकिता मर्डर केसः आरोपियों की पेरवी कर रहे सरकारी अधिवक्ता पर गिरी गाज, पद से हटाया

देहरादून/पौड़ी।अंकिता भंडारी मर्डर केस में तीनों आरोपियों की पैरवी कर रहे पौड़ी जिले के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अमित सजवाण को शासन ने हटा दिया। अंकिता के पिता की सीएम को लिखे पत्र के बाद यह कार्रवाई की गई। अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी ने सीएम को भेजे पत्र में कहा था कि– कोटद्वार ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट भावना पाण्डेय की अदालत में, कोटद्वार एसडीएम कोर्ट में नियुक्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अमित सजवाण द्वारा अंकिता हत्याकाण्ड के आरोपियों पुलकित, अंकित और सौरभ की तरफ से वकालतनामा दाखिल कर आरोपियों के नार्को / पॉलीग्राफ टेस्ट के खिलाफ पैरवी की जा रही है. पूर्व में इनके ही जूनियर जितेंद्र रावत, जो कि रिमांड अधिवक्ता हैं ने इन आरोपियों की बेल एप्लीकेशन दाखिल कर नियम और न्याय विरोधी कार्य किया था। अतः इनपर तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इस पत्र का संज्ञान लेते हुए अपर सचिव न्याय आर के श्रीवास्तव ने डीएम पौड़ी को शासन के फैसले से अवगत कराते हुए कहा कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री अमित राजवाण, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) कोटद्वार, जिला पौडी गढवाल की आबद्धता तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए उक्त पद हेतु नया पैनल मंगाये जाने का निर्णय लिया गया है।

# जोशीमठ को प्राकृतिक आपदा से बचाने की बड़ी चुनौती : सीएम

**◆सीएम को लोगों ने बताया हाल, प्रभावितों के साथ सीएम भी हुए भावुक**
**◆सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना जरूरी**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जोशीमठ पहुंचकर शहर के भू-धसाव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित संकटग्रस्त परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रभावित लोगों ने सीएम से अपनी बात साझा की। प्रभावितों के साथ सीएम भी भावुक हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। जोशीमठ का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है और हम सबकी आस्था व पर्यटन का केन्द्र है। इस समय हम सबके सामने इस सबसे पुराने ज्योतिर्मठ को प्राकृतिक आपदा से बचाने की बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत इस समय तत्कालिक रूप से जो कार्य हो सकते उन पर फोकस किया जा रहा है। समय पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस स्थिति में जानमाल की सुरक्षा हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। भू-धंसाव से प्रभावित संकटग्रस्त परिवारों के पुनर्वास की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। भू-धंसाव रोकने के लिये तात्कालिक तथा दीर्घकालीक कार्य योजना पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। खतरे की जद में आए पूरे शहर में सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। जिसके लिए विस्तृत प्लान तैयार किया जा रहा है। शहर की सुरक्षा के लिए सीवर एवं ड्रेनेज जैसे कार्य को जल्द से जल्द ही कराया जाएगा। आईटीबीपी अतिथि गृह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ जोशीमठ की मौजूदा स्थिति को लेकर गहनता से विचार विमर्श किया गया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ में भू-धंसाव को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से जोशीमठ शहर को बचाना हम सबके सामने बड़ी चुनौती है। संकट की इस घड़ी में आरोप प्रत्यारोप से हटकर एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत शिविरों में रहने की समुचित व्यवस्था की जाए। राहत शिविरों में चिकित्सा उपचार की भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जोशीमठ में सेक्टर और जोनल वार योजना तैयार करें। डेंजर जोन को तत्काल खाली करवाया जाए। स्थाई पुनर्वास के लिए सुरक्षित जगह तलाशी जाए। सहायता शिविरों में सभी जरूरी सुविधाएं हों। सभी विभाग टीम भावना से काम करे तभी हम लोगों की बेहतर ढंग से मदद करने में सफल होंगे।

इस दौरान बद्रीनाथ विधायक राजेन्द्र भंडारी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, सहकारिता के अध्यक्ष गजेंद्र रावत, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित गढवाल आयुक्त सुशील कुमार, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेंन्द्र डोबाल, सीडीओ डा.ललित नारायण मिश्र, एडीएम डा. अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट डा. दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अभी तक 44 परिवार किये शिफ्ट

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जोशीमठ में संचालित राहत कार्यों के बारे में बताया कि सभी वार्डों में सर्वेक्षण कार्यों को पूरा करने, प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक शेल्टर भवनों में शिफ्ट करने और प्रभावित लोगों के लिए अन्य समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इसके सभी सेक्टर अधिकारियों की तैनाती भी गई है। प्रभावित परिवारों को ड्राइ राशन किट व कुक्ड फूड पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे है। जिन परिवारों को तत्कालिक रूप से शिफ्ट करने की आवश्यकता है उनको सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा। अभी तक 44 परिवारों को शिफ्ट किया जा चुका है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ में प्रभावित से वार्ता करते हुए।

## विस्थापित परिवारों को छः माह तक मिलेगा मकान का किराया

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जोशीमठ में भू-धसाव के कारण विस्थापित परिवारों को मकान किराये के लिए 4 हजार रूपये प्रति माह की दर से 6 माह तक दिये जाने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से राशि स्वीकृत की गई है। जनपद चमोली के तहसील जोशीमठ के नगर पालिका क्षेत्र जोशीमठ के अन्तर्गत विगत दिनों से हो रहे भू-धसाव से प्रभावित ऐसे परिवार जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण अधिवासन योग्य नहीं है अथवा ऐसे परिवार जो बेघर हो गये हैं, परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर किराये के मकान में अस्थायी रूप से विस्थापित करने के लिए 4000 प्रति परिवार की दर से 6 माह के किराये मद में मुख्यमंत्री राहत कोष से अग्रिम के रूप में 1 करोड़ (एक करोड मात्र) स्वीकृत कर जिलाधिकारी चमोली के निवर्तन रखा गया है।

# महाराज के आग्रह पर जल शक्ति मंत्री ने जांच दल को किया जोशीमठ रवाना

**देहरादून/दिल्ली :** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ शहर में मकानों और होटलों में आ रही दरारों व भू-धसाव को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से बातचीत कर मौके पर एक जांच दल भेजने का अनुरोध किय, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर तुरंत जोशीमठ के लिए जांच दल को रवाना कर दिया है।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ शहर में मकानों और होटलों में आ रही दरारों व भू-धसाव की चिन्ताजनक स्थिति को लेकर शनिवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से बातचीत कर मौके पर एक जांच दल भेजने का उनसे अनुरोध किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर तुरंत जोशीमठ के लिए जांच दल को रवाना भी कर दिया है। इसके लिए महाराज ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया है। बातचीत के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जानना चाहा कि आखिर इसका कारण क्या हो सकता है। श्री महाराज ने उन्हें बताया कि इसका कारण तपोवन टनल के साथ-साथ जोशीमठ शहर का ग्लेशियर से बहाकर लाई गई लूज मिट्टी और बोल्डर के ढेर पर होने के कारण भी हो सकता है। लेकिन भू-धसाव का वास्तविक कारण क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जोशीमठ में हो रहे भू-धसाव से अनेक घरों व भवनों में दरारें आने से प्रभावित लोगों को अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। सरकार प्रभावितों की सुरक्षा के साथ-साथ उनके रहने के पुख्ता इंतजाम कर रही है।




केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पुस्तक सौंपते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

जोशीमठ के बिगड़ते हालात पर नेता प्रतिपक्ष ने किये सवाल खड़े

# कहा, जोशीमठ बचाने को भाजपा के कितने विधायक-सांसद उठा रहे आवाज ?

**हल्द्वानी।** जोशीमठ के बिगड़ते हालात पर भाजपा विधायकों-सांसदों की चुप्पी पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सवाल खड़े किए हैं। कहना है कि उत्तराखंड की जनता ने भाजपा को 5 सांसद, 47 विधायक दिए। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, लेकिन अब तक भाजपा के कितने विधायकों या सांसदों ने जोशीमठ को बचाने की आवाज उठाई? मीडिया को जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक शहर होने के साथ ही जोशीमठ सामरिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। यहां से भारत-तिब्बत सीमा महज 100 किलोमीटर दूर है। हेमकुंड साहिब, औली, फूलों की घाटी आदि स्थानों पर जाने के लिए यात्रियों को इसी जोशीमठ से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोग पिछले 14 महीनों से अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। अब जब स्थिति हाथ से निकल रही है तो चीजों का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की टीम भेजी जा रही है। आर्य ने कहा कि यदि सरकार समस्या से वाकिफ थी तो उसने इसके समाधान के लिए एक साल से अधिक समय तक कोई कदम क्यों नहीं उठाया। यह क्या दर्शाता है? जोशीमठ के अस्तित्व पर तब तक खतरा बरकरार रहेगा, जब तक इन परियोजनाओं को स्थायी रूप से बंद नहीं कर दिया जाता। आर्य ने आशंका जताई कि इस मामले में जो भी सरकारी जांच कमेटियां बनेंगी, वे एनटीपीसी और हेलंग बाइपास प्रोजेक्ट को क्लीन चिट दे देंगी और इस आपदा के लिए स्थानीय लोगों द्वारा किए गए निर्माणों को दोषी ठहरा दिया जाएगा।

# बच्चों की तरह बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल के लिए भी मिल सकता है अवकाश

## बजट सत्र में लाया जा सकता है विधेयक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के साथ ही उनकी देखभाल का भी एक बड़ा संकट खड़ा होने लगा है। खासकर ऐसे परिवार और बुजुर्ग, जिनकी इकलौती संतान होती है, वहां यह संकट और भी गंभीर हो जाता है। फिलहाल, बुजुर्गों की देखभाल से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी संसद की स्थाई समिति ने बच्चों की देखभाल (चाइल्ड केयर) सहित दूसरे पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के लिए दिए जाने वाले अवकाशों की तरह सरकारी कर्मचारियों को बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल के लिए भी अवकाश देने की सिफारिश की है। इनमें ऐसे सरकारी कर्मियों को प्राथमिकता देने को कहा गया है, जिनके माता-पिता 80 वर्ष से ज्यादा के हैं या फिर वह दिव्यांग और गंभीर रूप से बीमार हैं। साथ ही, वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। समिति ने इसके अलावा भी कई अहम सिफारिशें की है।



संसदीय समिति ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल के लिए अवकाश से जुड़ी यह अहम सिफारिश तब की है, जब सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय आने वाले बजट सत्र में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण और कल्याण से जुड़े नियमों में बदलाव को लेकर एक नए विधेयक लाने की तैयारी में है। वर्ष 2007 में बने मौजूदा कानून में बदलाव की यह पहल वैसे तो वर्ष 2019 में की गई थी। संसद में इसे लेकर उस समय विधेयक भी लाया गया था, बाद में उसे संसदीय समिति को भेज दिया गया था। इस दौरान समिति ने प्रस्तावित विधेयक और बुजुर्गों के जुड़ी मौजूदा समस्याओं को देखते हुए अलग-अलग चरणों में कई सुझाव दिए है।

इनमें जो अहम सुझाव है, उनमें माता-पिता अब सिर्फ अपने जैविक बच्चों से ही गुजारा भत्ता लेने के हकदार नहीं होंगे बल्कि इनमें नाती-पोते, दामाद या फिर ऐसे सगे-संबंधी शामिल होंगे जो उनकी संपत्ति के दावेदार होंगे।

# लाठीचार्ज तो होगा ही, पटना में छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर जेडीयू एमएलए गोपाल मंडल के बिगड़े बोल

**भागलपुर, एजेंसी।** जदयू के विधायक ने पटना में बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी) के प्रश्नपत्र लीक मामले में छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने का बचाव किया। उन्होंने छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को जायज ठहराते हुए कहा कि यह आंदोलन को रोकने के लिए राज्य के कार्य करने के तरीकों में से एक है, तंत्र ऐसे ही काम करता है।



एमएलए गोपाल ने कहा कि ऐसा होना ही था। छात्रों ने हिंसक प्रदर्शन किया होगा, इसलिए उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्ह्होंने कहा कि लाठीचार्ज, प्लास्टिक की गोलियां दें कना और वाटर कैनन का छिड़काव कुछ ऐसे तरीके हैं, जिनसे राज्य किसी विरोध पर अंकुश लगाता है।

उन्होंने आगे कहा कि अब अगर कोई मुझे ही गाली देता है या धक्का देता है, तो मेरे लोग मेरी रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डाल देंगे। इसी तरह, अगर छात्र ऐसी स्थिति पैदा करते हैं, तो लाठीचार्ज तो होगा ही। लाठी चार्ज के आरोप तो लगते रहते हैं, लेकिन छात्र इस तरह का विरोध करते रहे तो परीक्षाएं रद्द कर दी जानी चाहिए।

बता दें कि बीएसएससी द्वारा आयोजित क्लर्क ग्रेड की लिखित परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, जिसे लेकर पटना में बीएसएससी की तीनों पालियों की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अभ्यर्थियों पर बिहार पुलिस ने बुधवार को लाठी चार्ज किया था। पेपर लीक होने के बाद से ही छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे।

## युवक पर दिनदहाड़े झोंका तमंचे से फायर

**रुड़की।** रंजिश के चलते छत पर खड़े युवक पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे दो तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सिविल लाइंस कोतवाली को सीमा निवासी गोल भट्टा ने तहरीर देकर बताया कि पुत्र विशाल शुक्रवार शाम को छत पर कबूतर चुगा रहा था। तभी निखिल (22) पुत्र हरपाल और तरुण उर्फ काका (21) पुत्र बबल ने पुत्र पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर झोंका।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक नितिन बिष्ट, कांस्टेबल भीम दत्त और राम सिंह धामी की टीम बनाई गई। पुलिस टीम को सूचना मिली कि जिन युवकों ने गोल भट्टे में फायर किया था। वह शहर से फरार होने की फिराक में है।

# मेरे खिलाफ साजिश रचने वालों को न्यायालय ने दिया जवाबः त्रिवेंद्र

## कोटद्वार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आमजन की पार्टी है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। कहा कि उनके खिलाफ साजिश रचने वालों को न्यायालय ने जवाब दिया है।

शनिवार को कोटद्वार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान बदरीनाथ मार्ग स्थित कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा आमजनता की पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य करती है। कहा कि पार्टी के कार्यकर्त्ता संगठन की रीठ हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। कहा कि जब वह मुख्यमंत्री पद पर थे तो कई लोगों ने उनके खिलाफ साजिश रची। लेकिन, उन सभी लोगों को न्यायालय ने जवाब दे दिया है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने की भी अपील की। कहा कि कार्यकर्त्ताओं की मेहनत से ही दोबारा केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, विजय लखेड़ा, उमेश त्रिपाठी, सुनील गोयल, चंद्र मोहन जसोला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत

# रूद्रप्रयाग ने जीता राष्ट्रीय पुरस्कार, राष्ट्रपति ने डीएम और एसडीएम को किया सम्मानित



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम सहित तृतीय केदार यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक उन्मूलन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम (डीआरएस) में जनपद रुद्रप्रयाग को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शनिवार को दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं उपजिलाधिकारी ऊखीमठ जितेन्द्र वर्मा को यह पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग को डिजिटल डिपोजिट रिफंड सिस्टम के तहत नामित किया गया था, जिसमें जनपद ने राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल इंडिया अवॉर्ड्स 2023 में सिल्वर मेडल का पुरस्कार जीता है। जिलाधिकारी मूयर दीक्षित के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं द्वारा उपयोग की जाने वाली पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक समेत अन्य प्लास्टिक का सामान इस्तेमाल करने के बाद उसका उचित निस्तारण करने के लिए रिसाइकिल संस्था के साथ मिलकर पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर केदारनाथ यात्रा मार्ग में एवं दूसरे चरण में चोपता, तुंगनाथ और देवरिया ताल मार्ग पर क्यू आर कोड व्यवस्था को लागू किया गया। जिला प्रशासन के अथक प्रयास से प्लास्टिक उन्मूलन के लिए क्यू आर कोड प्रणाली शुरू कर प्लास्टिक बोतलों की टैगिंग की गई, हर क्यू आर कोड लगी बोतल पर बिक्री के समय 10 रुपए अतिरिक्त वसूले जाते हैं, वहीं प्रत्येक बोतल वापस जमा करने वाले को दस रुपए दिए जाते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से बैन किया जा चुका है, ऐसे में यात्रा मार्ग पर लाखों श्रद्धालुओं द्वारा पानी की बोतलों, कोल्ड ड्रिंक समेत अन्य प्लास्टिक का सामान इस्तेमाल करने के बाद उसका उचित निस्तारण बड़ी चुनौती है। रिसायकल संस्था के साथ मिलकर पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर केदारनाथ यात्रा मार्ग एवं दूसरे चरण में चोपता-तुंगनाथ और देवरियाताल मार्ग पर क्यूआर कोड व्यवस्था को लागू किया गया। इस वर्ष पानी की बोतलों पर क्यूआर लगाने से प्रोजेक्ट शुरु हुआ था जबकि बाद में कोल्ड ड्रिंक की बोतलों पर भी इसे लागू किया गया।

## होटल संचालक की मौत पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

देहरादून। सड़क हादसे में होटल संचालक की मौत के बाद उनके भाई की ओर से ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। ट्रक चालक पर लापरवाही से सड़क पर ट्रक को खड़ा करने और सारी लाइट बंद करने का आरोप है। हरिद्वार के खेडा जट निवासी हर्ष चौधरी ने प्रेमनगर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई अभिनव चौधरी यहां जलवायु टावर झाझरा में रहते थे। सेलाकुई में अपने साथियों के साथ वह एक होटल का संचालन कर रहे थे। विगत 29 दिसंबर को वह रात को वहां से लौट रहे थे। रास्ते में लापरवाही से ट्रक खड़ा किया गया था। सामने से आने वाले वाहनों की तेज लाइट के कारण ट्रक नहीं दिखा और हादसा हो गया। आरोप है कि ट्रक चालक वहां से ट्रक लेकर फरार हो गया।

## 18 जनवरी को होगी राशन कार्डों की नीलामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा गठित नीलामी समिति के सम्मुख जिला पूर्ति कार्यालय के अंतर्गत पुराने निष्प्रोज्य, अनुपयुक्त राशन कार्डों व खंड विकास कार्यालयों से प्राप्त अनुपयुक्त पुराने राशन कार्ड नीलामी के माध्यम से 18 जनवरी को जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में खुली बोली के आधार पर की जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में पुराने व अनुपयुक्त राशन कार्डों का निस्तारण हिमालय में कार्बन उत्सर्जन को रोकने व कम करने के उद्देश्य से सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से जहां है, जैसा है के आधार पर गठित नीलामी समिति के सम्मुख खुली बोली के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नीलाम हुए कार्डों का किसी भी दशा में दुरुपयोग नहीं किया जाएगा और न ही होने दिया जाएगा।

इसके अलावा बोलीदाता द्वारा बोली बोलने से पूर्व जीएसटी नंबर, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। नीलामी में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति अथवा फर्म किसी भी कार्यालय अथवा संस्थान से ब्लैक लिस्टेड न हो।

उन्होंने बताया कि राशन कार्डों को फाड़ने, सीलबंद करने तथा उठान करने का पूर्ण व्यय संबंधित व्यक्ति जिसके पक्ष में नीलामी होगी, का होगा और यह कार्य कार्यालय समय पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य जिला पूर्ति कार्यालय के अधिकृत अधिकारी व कर्मचारी की देरखरेख में करना होगा।

## धोखाधड़ी मामले में फरार इनामी गिरफ्तार

विकासनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाऊवाला में एक व्यक्ति की जमीन के फर्जी दस्तावेज और आईडी तैयार कर जमीन को बेचने के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे धोखाधड़ी के दस हजार रुपये के इनामी आरोपी को सेलाकुई पुलिस और एसओजी देहात की टीम ने गिरफ्तार कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।




चंद्र शेखर पांडेय पुत्र देवकी नंदन पांडेय निवासी मेवार इंस्टीट्यूट सेक्टर 4-ए वसुंधरा गाजियाबाद यूपी मूल निवासी जाखणी पिथौरागढ़ की भाऊवाला में अपनी जमीन थी। उक्त जमीन के मामले में आरोपी विरेंद्र थापा पुत्र चन्द्र बहादुर थापा निवासी कुआंवाला हर्रावाला थाना डोईवाला जनपद देहरादून हाल पता गुडरिच थाना विकासनगर देहरादून ने वर्ष 2019-20 फर्जी दस्तावेज तैयार किए व चंद्रशेखर पांडेय की फर्जी आईडी तैयार की। जिसके बाद आरोपी ने एक अन्य व्यक्ति को फर्जी चंद्रशेखर बनाकर रजिस्टार कार्यालय और न्यायालय में खड़ा कर असली चंद्रशेखर पांडेय की जमीन को अस्सी लाख रुपये में बेच डाला। जिस पर पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र थापा व उसके अन्य साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनका दुरुपयोग करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया था।

## ओएलएक्स पर डाला सोफा बेचने का विज्ञापन, 1.13 लाख का लगा चूना

देहरादून। मसूरी रोड मालसी में रहने वाले सुधीर कुमार प्रीठी ने बताया कि उन्होंने ओएलएक्स पर एक विज्ञापन सोफा बेचने के लिए डाला था।

एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और बताया कि उसका भाई उन्हें फोन करेगा एवं फोन से पेमेंट कर देगा।

अपना नाम नीरज बताया। उसके बाद एक फोन आया और दो रुपये भेजकर यूपीआईडी चेक करने को कहा गया। उसके बाद एक स्कैनिंग कोड भेजा और पेमेंट रसीद देखने के लिए कहा। उसने फर्जीवाड़ा किया और उनके खाते से एक लाख 13 हजार 999 रुपये कई ट्रांजक्शन में चले गए। उन्होंने राजपुर में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

## जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन किया

विकासनगर। हिमालयन इंस्टीट्यूट हॉस्पिटल ट्रस्ट देहरादून की ओर से शनिवार को डागुरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने के साथ ही बरसाती पानी को संरक्षित करने के तरीके बताए। प्रशिक्षक गीता कंडवाल ने बताया कि पानी की बर्बादी को लेकर अक्सर लोग लापरवाह बने रहते हैं।



बेवजह पानी के नलों को खुला छोड़ दिया जाता है। सार्वजनिक नलों से दिन भर पानी बहता रहता है। अधिकांश लोग जरूरत से अधिक पानी खर्च करते हैं। आम आदमी यह सोचता है कि प्राकृतिक जल स्रोत में पर्याप्त पानी है, नदियां निरंतर बह रही हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि भविष्य में पानी का संकट पैदा होगा, जिसका समाधान मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भविष्य की पीढ़ी के लिए जल संरक्षण करना वर्तमान पीढ़ी का दायित्व है। बताया कि जल संरक्षण के लिए गांवों में खाली पड़ी जमीन में तालाब बनाए जाने चाहिए। घरों की छतों पर टंकियां रखकर वर्षा जल का संरक्षण किया जाना जरूरी है। बताया कि जंगलों अनियंत्रित कटान से बचाना होगा। जिससे भू जल स्तर पर्याप्त बना रहे। कार्यशाला के दौरान बूंद बूंद से घड़ा भरने का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान राजकुमार, अतुल उनियाल, अश्वनी सक्सैना, सत्येंद्र चौहान, निर्मला, पवन आर्य, अरविंद रौथाण आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी

नई टिहरी : नरेंद्रनगर के हिंडोलाखाल स्थित मंदिर में अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखे आभूषणों सहित सहित दानपात्र पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मंदिर के पुजारी को सुबह के समय मिली। मंदिर के पुजारी रमन सिंह पुंडीर ने बताया कि बीते शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के चांदी के छत्तर, सोने की नथ, पीतल की घन्टिया, प्रतिमा, दानपात्र से पैसे आदि चुरा लिए। उन्होंने बताया संभवतः चोरी की घटना रात्रि 12 बजे बाद हुई हैं। कहा कि ठंड होने के कारण लोग जल्दी सो जाते हैं, जिस कारण लोगों को पता नहीं लग पाया। मंदिर से 100 मीटर कि दूरी पर जिला पंचायत की चुंगी के कर्मचारियों ने बताया कि तेज हवा चलने के कारण चोरी का पता नहीं लग पाया। पुजारी ने मंदिर में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पहुंची पुलिस टीम ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि, चोरों ने पहले मंदिर के ऊपर बने गुंबद को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं टूटा तो ताले तोड़कर मंदिर में रखा सामान ले गए। चोरों ने हिंडोलाखाल मंदिर के ऊपर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के ताले भी तोड़े। (एजेंसी)

### ऋषिकेश में अग्रवाल सभा के चुनाव कराए जाएं

ऋषिकेश। अग्रवाल सभा ऋषिकेश का चुनाव कराने की गुहार निबंधक सोसायटीज एवं चिट्स देहरादून से लगाई गई है। बीते 12 साल से सभा का चुनाव नहीं होने की शिकायत भी निबंधक से की गई है। सभा के पूर्व अध्यक्षों ने निबंधक को पत्र भेजा है। अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार गोयल एवं राजकुमार अग्रवाल ने निबंधक को भेजे पत्र में बताया कि बीते 12 साल से सभा के चुनाव नहीं कराए गए हैं। आय-व्यय का ब्योरा भी नहीं दिया जा रहा है। जिससे सभा के सदस्य एवं पदाधिकारी नाराज है। अवगत कराया कि प्रतिवर्ष अप्रैल माह में कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारियों का चुनाव होता है।

## सेंट कैथरीन विश्वविद्यालय, सेंट पॉल, मिनेसोटा के समग्र स्वास्थ्य और सामाजिक कार्य परास्नातक के विद्यार्थियों का दल आया परमार्थ निकेतन

ऋषिकेश। सेंट कैथरीन विश्वविद्यालय, सेंट पॉल, मिनेसोटा के समग्र स्वास्थ्य और सामाजिक कार्य, परास्नातक के विद्यार्थियों का दल परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश आये। उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से भेंट कर भारतीय पारम्परिक ज्ञान, आयुर्वेद और योग के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा परमार्थ निकेतन गंगा आरती, विश्व शान्ति हवन में सहभाग किया।



स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने सेंट कैथरीन विश्वविद्यालय, सेंट पॉल, मिनेसोटा से आये दल को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुये गांधीवादी दृष्टिकोण स्वदेशी, स्वच्छता और सवोदय की अवधारणा का महत्त्व समझाते हुये कहा कि गांधीजी के लिये ह्यस्वच्छताह्न एक बहुत ही महत्वपूर्ण सामाजिक विषय था। दूसरा ह्यसार्वभौमिक उत्थानह्न ह्यसभी की प्रगतिह्न पर विशेष जोर दिया। वे सवोदय के रूप में ऐसी समाज की रचना चाहते थे जिसमें वर्ण, वर्ग, धर्म, जाति, भाषा आदि के आधार पर किसी समुदाय का न तो संहार हो और न ही बहिष्कार हो, जो सभी के निर्माण और सभी की शक्ति से सभी के हित में चले, जिसमें ह्यसर्वभूतहिते रताः सम्पूर्ण मानवता का कल्याण समाहित हो। इस अवसर पर स्वामी जी ने महात्मा गांधी जी के प्रसिद्ध कथन ह्लपृथ्वी के पास सभी की जरूरतों को पूरा करने के लिये पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन हर किसी के लालच को नहींह्व यह कथन दुनिया भर के पर्यावरणीय आंदोलनों के लिये उपयोगी सिद्ध हुआ। स्वामी जी ने कहा कि वर्तमान समय में हमारी प्रकृति और धरती माता को गांधीवादी नजरिये से देखने की जरूरत है क्योंकि इससे ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं को कम किया जा सकता हैं।20वीं शताब्दी के प्रभावशाली व्यक्तित्वों में नेल्सन मंडेला, दलाई लामा, मिखाइल गोर्बाचोव, अल्बर्ट श्वाइत्जर, मदर टेरेसा, मार्टिन लूथर किंग, आंग सान सू की, आदि ऐसे महापुरूष हुये जिन्होंने अपने-अपने देश में महात्मा गांधी जी की विचारधारा का उपयोग किया और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर अपने देशों में विलक्षण परिवर्तन लाए। वर्तमान समय में भी एक बार पुनः गांधीवादी दृष्टिकोण और सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता है। स्वामी जी ने सेंट कैथरीन विश्वविद्यालय, सेंट पॉल, मिनेसोटा से आये विद्यार्थियों को मिशन लाइफ के 75 सूत्र और ह्यप्रो प्लैनेट पीपलह्न पारम्परिक भारतीय जीवन शैली को अपनाने का संदेश देते हुये कहा कि जीवन में छोटे-छोटे परिवर्तन कर, स्वस्थ व हरित जीवन पद्धति को स्वीकार करने के साथ ही सभी को रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल और सर्कुलर इकोनामी के साथ ईकोलाजी पर विशेष ध्यान देने होगा तभी वर्तमान और भावी पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है।

## भुड्डी ग्रामसभा क्षेत्र में हुआ मॉंई मेडिपॉइंट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

देहरादून। शिमला बाईपास रोड स्थित भुड्डी ग्राम सभा क्षेत्र में मॉंई मेडिपॉइंट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। हॉस्पिटल का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर जी द्वारा किया गया। क्षेत्र में मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के खुलने से क्षेत्र की जनता को अब अच्छे इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।



मॉंई मेडिपॉइंट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग, सामान्य रोग विभाग, अल्ट्रासाउंड सुविधा, पैथोलॉजी एवं ईसीजी की सुविधा व बच्चों के टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।डॉ ताजवीर सिंह कंडवाल, बाल एवं सामान्य रोग विशेषज्ञ एवं डॉ अपूर्वा कंडवाल महिला रोग विशेषज्ञ, की देखरेख में क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

## राजीव मोहन अध्यक्ष व दीपक बने महामंत्री

ऋषिकेश। ऋषिकेश में अग्रवाल समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन परिवार संगठन का गठन किया। इसमें राजीव मोहन अग्रवाल को अध्यक्ष और दीपक कुमार तायल को महामंत्री बनाया गया। शनिवार को रेलवे रोड स्थित एक होटल में अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में समाज के भीतर एकता और आपसी भाईचारे एवं विश्वास पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए महाराजा अग्रसेन परिवार संगठन का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से राजीव मोहन अग्रवाल को अध्यक्ष, दीपक कुमार तायल को महामंत्री, नितिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष, अजय गुप्ता को सांस्कृतिक सचिव बनाया गया।

## पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की

विकासनगर। वर्ष 2005 बैच के बीटीसी उत्तीर्ण शिक्षकों ने केंद्र सरकार की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की है। शिक्षकों ने निदेशालय पर धरना देने के साथ ही खंड शिक्षाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भी प्रेषित किया। पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग को लेकर कुछ शिक्षक निदेशालय धरना देने गए। जबकि कुछ शिक्षकों ने बीईओ को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के 26 सौ रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया के लिए 13 मई 2004 को विज्ञप्ति जारी की गई। जिसके बाद प्रदेश के सभी जनपदों में अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के बाद एक जनवरी 2005 से सेवारत प्रशिक्षण शुरू हुआ। उसी वर्ष जून माह में परीक्षा संपन्न होने के बाद सितंबर में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। केंद्र सरकार ने भी एक जनवरी 2004 से नवीन पेंशन योजना लागू होने के बाद अपने कार्मिकों के लिए यह आदेश जारी किया है कि जिन कार्मिकों का परीक्षा और परिणाम नई पेंशन योजना लागू होने से पहले घोषित हुआ है, उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाएगा, चाहे उनकी वास्तविक नियुक्ति कभी की भी रही हो।उत्तराखंड में नई पेंशन योजना एक अक्तूबर 2005 से लागू की गई। जबकि हमारी नियुक्ति नई पेंशन योजना लागू होने के से पूर्व की है।

## एम्स में 13 साल की किशोरी को मिला जीवनदान

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के सीटीवीएस विभाग ने 13 वर्षीय एक किशोरी के दिल का सफल टीएपीवीआर ऑपरेशन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह किशोरी जन्म से ही हृदय रोग से ग्रसित थी। किशोरी को सांस फूलने और जल्दी थकने के साथ धड़कने तेज होने की शिकायत थी।

पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग में डॉ. यश श्रीवास्तव एवं कॉर्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. भानु दुग्गल ने ईकोकॉर्डियोग्राफी कर इस बीमारी का पता लगाया। इस बीमारी का इलाज आमतौर पर बच्चे के जन्म होने के एक वर्ष की समयावधि में हो जाना चाहिए था, मगर नहीं हो पाया। ऐसे में इस बात की शंका थी कि अब यह पेशेंट ऑपरेशन के लायक है या नहीं।

एम्स सीटीवीएस विभाग के पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जन डॉ. अनीश गुप्ता से परामर्श के बाद मरीज की एंजियोग्राफी की गई, तब फेफड़ों के प्रेशर को नापकर ऑपरेशन का निर्णय लिया गया।

## डीएम ने दिए अवैध शराब बिक्री, ओवर रेटिंग के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद में अवैध शराब बिक्री, ओवर रेटिंग के साथ ही आबकारी नीति का अनुपालन न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जनपद अवस्थित शेल्ह्ढे उ'ेु & ढ्ढ्रॅल्ल कैन्ट रोड देहरादून में 06 अगस्त 2022 को प्रातः 04:30 बजे गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि उक्त बार में लोगों को शराब परोसी जा रही है, जबकि रात्रि 12 बजे के बाद शराब नहीं परोसी जा सकती है।

## बिजली कटौती से लोग परेशान

विकासनगर। एक ओर जहां पूरा पछुवादून कड़ाके की ठंड के आगोश में है। वहीं ऊर्जा निगम लगातार बिजली की अघोषित कटौती कर रहा है। जिससे ठंड के मौसम में लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बिजली की कटौती के चलते पानी की आपूर्ति भी ठप है। बिजली-पानी की किल्लत के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पूरे पछुवादून में चार घंटे से अधिक समय तक बिजली की अघोषित कटौती रही।

एक पखवाड़े से अधिक समय से पछुवादून क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ी हुई है। सुबह शाम कोहरा छाए रहने से लोगों की ठंड से हालत खराब है। ऊर्जा निगम ने लगातार बिजली की कटौती कर लोगों की और परेशानी बढ़ा दी है। तीन से चार घंटे के लिए लगातार अघोषित कटौती की जा रही है।

शनिवार सुबह को विकासनगर से लेकर डाकपत्थर, हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, सुद्धोवाला के नगरीय क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सुबह आठ बजे से लेकर बारह बजे तक अघोषित कटौती की जा रही है। यही नहीं चार घंटे की अघोषित कटौती के बाद भी दिनभर से लेकर देर शाम तक बिजली की आंख मिचौनी का खेल चल रहा है। हर घंटे में पंद्रह मिनट से लेकर आधा घंटे के लिए बिजली गुल हो रही है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों को भी कटौती का कोई शेड्यूल पता नहीं है। बिजली कब गुल होगी और कितने घंटे की कटौती कब तक रहेगी, कोई जानकारी नहीं है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों का कहना है कि कटौती ग्रिड से की जा रही है। कटौती से आधा घंटे पहले उन्हे कटौती का कोड मिलता है। जिसमें आपूर्ति कितने देर व कब तक बंद रहेगी इसकी कोई जानकारी नहीं होती है।

विकासनगर के व्यापारी रूपेश शर्मा, अभिषेक कुमार, मनोज कुकरेती और सुभाष गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा निगम क्षेत्र में लगातार घंटों बिजली कटौती कर रहा है। इससे व्यापारियों के कारोबार पर विपरित असर पड़ रहा है। उन्होंने ऊर्जा निगम से बिजली कटौती तत्काल बंद करने की मांग की है।

# फुटबॉल में बल्ली व भेल्डा का दिखा दबदबा

## डाडामंडी गेंद मेला समिति की ओर से आयोजित की गई फुटबाल प्रतियोगिता



डाडामंडी में आयोजित प्रतियोगिता में गोल के लिए जूझते खिलाड़ी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** डाडामंडी गेंद मेला समिति की ओर से आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बल्ली व भेल्डा की टीम का दबदबा देखने को मिला। इस दौरान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता का पहला मैच श्री राम क्लब व भेल्डा के बीच खेला गया। जिसमें भेल्डा की टीम ने दो गोल दागकर मेच अपने नाम किया। वहीं, दूसरा मुकाबला गुमखाल व बल्ली के बीच खेला गया। बल्ली की टीम ने पांच गोल दागकर जीत दर्ज की। इससे पूर्व गेंद मेला समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि आज कई युवा खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश रावत, जगदीश सिंह रावत, राकेश देवरानी, जितेंद्र चौहान, कुलदीप रावत, राजीव तोमर, महेंद्र चौहान, जयपाल रावत, सुरेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# बीस सेंटर में सात हजार 856 अभ्यार्थी देंगे परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रविवार को होने वाली पटवारी व लेखपाल परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियों की पूरी ली हैं। परीक्षा के सफल संपादन के लिए क्षेत्र में बीस सेंटर बनाए गए हैं। सभी सेंटरों में सात हजार 856 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा की तैयारियों को लेकर शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा देने के लिए आने वाले अभ्यार्थियों को अपने साथ परिचय पत्र लाना आवश्यक है। सेंटर के भीतर मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह मना है। सेंटर में प्रवेश करने से पूर्व विद्यार्थी की वीडियों ग्राफी होगी। परीक्षा के सफल संपदान के लिए प्रशासन की विशेष टीमें गठित की गई है। नियमों का उल्लंघन करने वाले अभ्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस को सभी सेंटर में कानून व्यवस्था बनाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार विकास अवस्थी, एआरओ रियाज अहमद, ममता चौहान नेगी, लोकेंद्र दत्त अण्थ्वाल, प्रमोद चंद्र पांडेय, अजीत सिंह, प्रभाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पक्षी परिवार से बचेंगे पक्षियों की प्रजातियां

## पक्षियों के संरक्षण के लिए शिक्षक ने शुरू की पहल




पक्षियों के संरक्षण के लिए शुरू की गई पहल का शुभारंभ करते अतिथि ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बदलते पर्यावरण में पक्षियों की संख्या में लगातार कमी हो रही है। कई प्रजातियां विलुप्ती की कगार में पहुंच गए हैं। ऐसे में पक्षियों के संरक्षण के लिए शिक्षक दिनेश कुकरेती ने पक्षी परिवार से बचेंगे पक्षियों की प्रजातियां पहल शुरू की है।

आंदोलनकारी व समाज सेवी आनंद सिंह गुसाईं की पुण्य तिथि पर आयोजित महोत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत ने मेरा परिवार पक्षी परिवार पहल का शुभारंभ किया। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शिक्षक दिनेश कुकरेती की इस पहल का स्वागत किया। कोटद्वार नंदपुर निवासी शिक्षक दिनेश कुकरेती ने बताया कि आगामी दस वर्षो में उत्तराखंड एक लाख परिवार के अंतर्गत पक्षी परिवार बनाएगा। जो पक्षियों को बचाने हेतु कार्य करेगा। कार्यक्रम में शिक्षक की ओर से गिद्ध संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की भी प्रसंसा की गई। इस मौके पर धनपाल सिंह रावत, कमलेश कंडारी, मनोज पटवाल, बृजपाल सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## बालीवॉल में दुगड्डा ब्लॉक रहा प्रथम

**कोटद्वारः** जनपदीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत राजकीय स्टेडिम में अंडर 14, 17 व 21 बालक वर्ग के लिए बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में अंडर 14 वर्ग में दुगड्डा ब्लॉक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आरंभ जिला युवा कल्याण अधिकारी पौड़ी कुशलानंद गैराला और सेनि. जिला युवा कल्याण अधिकारी गणेश थपलियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 14 वर्ग में दुगड्डा ब्लाक पहले, रिखणीखाल ब्लाक दूसरे और नैनीडांडा ब्लाक तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 17 वर्ग में दुगड्डा ब्लाक ने पहला, रिखणीखाल ब्लाक ने दूसरा और नैनीडांडा ब्लाक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 21 वर्ग में दुगड्डा ब्लाक पहले और रिखणीखाल ब्लाक दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में धीरेंद्र रावत, सुरेश सिंह, विनोद नेगी, सतीश मौर्य, परीक्षत रावत और सुरेश जोशी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# सर्दियों की छुट्टियों में भी चल रही गणित की अतिरिक्त क्लास



राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी कोटद्वार में गणित की कक्षा लेते शिक्षक राजीव शर्मा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी कोटद्वार के सहायक अध्यापक राजीव शर्मा शीतकालीन अवकाश में भी गणित की एक्स्ट्रा क्लास चला रहे है। शिक्षक की ओर से प्रत्येक वर्ष शीतकालीन अवकास में यह कक्षाएं संचालित की जाती हैं।

शिक्षा विभाग के द्वारा शीतकालीन अवकाश एक से 14 जनवरी तक घोषित किया हैं। छुट्टियों से पहले अपने प्रधानाचार्य व अभिभावकों की अनुमति प्राप्त कर दो जनवरी से शिक्षक राजीव शर्मा कक्षाएं चला रहे हैं। शिक्षक राजीव ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर अंक प्राप्त कर सकें इसके लिए वह संभव प्रयास कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 2 घंटे की अतिरिक्त क्लास ली जाती है। शिक्षक राजीव शर्मा पैर से पोलियोग्रस्त होने के कारण दिव्यांग है। वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा उन्हे उत्कृष्ट और दक्ष विकलांग शिक्षक का पुरस्कार भी मिल चुका है। शिक्षक राजीव शर्मा आईसीटी का भी प्रयोग करते हैं , विद्यालय में इनके पास आईसीटी के अंतर्गत वर्चुअल लैब का भी प्रभार हैं,जसके अंतर्गत नवाचार हेतु भी पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं । शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए वर्ष 2021 में उन्हें जागो उत्तराखंड जन प्रेरणा सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा राजीव शर्मा प्रतिवर्ष मार्च अप्रैल के आस पास सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या को बढ़ाने के लिए अपने स्कूल के साथ सरकारी स्कूलों का प्रचार प्रसार, बैनर ,पंपलेट के द्वारा और मीडिया के द्वारा भी जन जागरूकता अभियान चलाते हैं।

# घमंडपुर ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे चरण के पहले मुकाबले में घमंडपुर की टीम ने रतनुपर को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। इस दौरान प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में रतनुपर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 12 ओवर में 86 रनों का लक्ष्य दिया। घमंडपुर की टीम ने 13 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। प्रतियोगिता के मुख्यंतिथि की भूमिका अनिल बहुगुणा, मनीराज शर्मा, कुलदीप अग्रवाल व रक्षत सिंगल थे। वक्ताओं ने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया। कहा कि खेल जीवन का मुख्य अंग है। प्रतियोगिता के आयोजन तरूण ईष्टवाल ने बताया कि टूर्नामेंट में 32 टीमें प्रतिभाग कर रही है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 जनवरी को खेला जाएगा।



शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेती टीम ।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में ज्ञान भारती रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** मातृ दिवस पर मानपुर स्थित शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि मां की महिमा जन जन तक पहुंचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है, जिससे वर्तमान पीढ़ी के साथ साथ आने वाली पीढ़ी भी मां का सम्मान करे। मां के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर आयोजित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल ने पहला, ग्रीनवुड एकेडमी ने दूसरा और आदर्श पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज पहले, बाल विकास पब्लिक स्कूल दूसरे और आदर्श पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में जे पी इंटर कॉलेज पहले, नवयुग पब्लिक स्कूल दूसरे और मदरलैंड अकादमी तीसरे स्थान पर रहा। भाषण प्रतियोगिता में नवयुग पब्लिक स्कूल प्रथम, बाल शिक्षा निकेतन द्वितीय और ग्रीन वुड अकादमी तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

# अधिकारी टीमें गठित कर आवश्यक तैयारी करें : डीएम



डीएम डॉ. आशीष चौहान परमार्थ निकेतन आश्रम में भ्रमण कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जी-20 देशों के प्रस्तावित सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का परमार्थ निकेतन आश्रम में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कैंप कार्यालय लक्ष्मणझूला में सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली।

जिलाधिकारी ने जी-20 देशों के सदस्यों की मेजबानी के दृष्टिगत सभी प्रकार की व्यवस्था के साथ ही विद्युत, पेयजल, शौचालय, सौंदर्यीकरण इत्यादि को लेकर अधिकारियों को टीमें गठित कर कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल परमार्थ निकेतन में स्ट्रीट लाइट, आवश्यकता हेतु एंबुलेंस, सड़क सुधारीकरण करने के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को रूपरेखा तैयार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सभी टीमों को निरीक्षण करते हुए पाई गई कमियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने परमार्थ निकेतन में आरती स्थल, जानकी पुल से परमार्थ आश्रम तक के हेरिटेज रूट सहित वीवीआइपी कमरें, भोजन हेतु कमरे, योगा सेंटर इत्यादि के लिए व्यवस्थित जगहों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, उपनिदेशक राजाजी नेशनल पार्क, कहकसा नसीम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रानीहाट में क्रिकेट के गुर सीख रही छात्राएं

**श्रीनगर गढ़वाल :** कीर्तिनगर विकासखंड के ग्राम सभा रानीहाट जगत विहार खेल मैदान में तीन दिवसीय बालिका क्रिकेट प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व रणजी चैम्पियन एवं उप जिला क्रीडाधिकारी टिहरी ऋतु जैन ने किया। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि बालिकाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर सराहनीय है। उन्होंने अभिभावकों से अपने पाल्यों को शिविर का लाभ दिलाए जाने की अपील की। मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान मनोज जोशी, सोहन आदि मौजूद रहे। आयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौड़ ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर 9 जनवरी तक चलेगा। जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राओं को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। (एजेंसी)

## शंकरपुर ने 6 विकेट से जीता उदघाटन मुकाबला

**पौड़ी :** स्व. मुकुंद सिंह रावत एवं स्व. अजीत सिंह रावत स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ दुर्गा मंदिर स्टेडियम जड़ाऊखांद संगलिया में हुआ। उद्घाटन मैच में शंकरपुर ने मजेड़ा की टीम को 6 विकेट से हराया। मुख्य अतिथि कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, पूर्व प्रधान भगत सिंह रावत, कमला देवी व ग्राम प्रधान संगलिया वल्ला महीपाल सिंह रावत ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान सत्यपाल सिंह रावत, जितेंद्र सिंह रावत, सुरेंद्र बिष्ट, पद्मेंद्रसिंह, महीपाल पटवार, संजय सिंह, संजय बिष्ट, बचे सिंह, विनोद नेगी, विनोद पटवाल, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में अतिथिगण, आयोजन समिति से जुड़े लोग व दर्शक मौजूद रहे।

## सड़क पर बने गड्ढे में बस फंसने से यात्री परेशान

**पौड़ी :** पौड़ी-देहलचौरी-श्रीनगर बस सेवा के देहलचौरी से 12 किमी. आगे सड़क मार्ग पर फंस जाने से मुसाफिरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार को देहलचौरी से 12 किलोमीटर आगे बस के सड़क मार्ग में गड्ढे में फंस जाने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि इसके बाद बस भी स्टार्ट नहीं हो पाई। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नंदकिशोर ने बताया कि पौड़ी-देहलचौरी मार्ग जगह-जगह खस्ताहाल हो रखा है। सड़क पर कई विभाग जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। जिससे नियमित बस सेवा शनिवार को रास्ते में फंस गई। जिसके चलते यात्रियों को अन्य छोटे वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। उन्होंने सरकार व प्रशासन से जल्द ही इस मार्ग को ठीक करने की मांग उठाई है।

# 26 जनवरी से शुरू होगी कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** प्रदेश में 26 जनवरी से 26 जनवरी से 26 मार्च तक हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा आयोजित की जाएगी। प्रियंका गांधी इस यात्रा की शुरुआत करेंगी। यात्रा को सफल बनाने को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस यात्रा के तहत विशेष फोकस नौजवानों पर रखा जाएगा। यात्रा के तहत सभी जिलों, ब्लाकों में कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बेरोजगारी, महंगाई आदि के मुद्दे जनता के सामने रखेंगे।

शनिवार को पौड़ी जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के सफल संचालन के बाद अब प्रदेश में 26 जनवरी से 26 मार्च तक इस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कहा कि सरकार जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव और हल्द्वानी के वनभूलपुरा प्रकरण को लेकर गंभीर नहीं है। जोशीमठ मामला एक आपराधिक लापरवाही है। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ जाने के बदले दिल्ली जाने में लगे हुए है। अंकिता के पिता द्वारा शासकीय अधिवक्ताओं पर आरोपियों के केस लड़ने के मामले में धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि इस मामले में चीफ जस्टिस से लेकर राज्यपाल से मुलाकात कर सरकारी वकीलो पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। कहा कि किरन नेगी व अंकिता हत्याकांड मामले में कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, युद्धवीर सिंह रावत, राहत हुसैन, भरत सिंह, कमला रावत, डा. ऋतु सिंह, वीरप्रताप सिंह आदि शामिल थे।

# वेयर हाउस में फिनिशिंग कार्य को जल्द पूर्ण कर भवन हस्तांतरण करें




वेयर हाउस के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिला निर्वाचन अधिकारी/मजिस्ट्रेट डॉ. आशीष चौहान ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम बेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सुरक्षा को देखते हुए डबल लॉक सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, सशस्त्र बल की तैनाती, अग्निशमन उपकरणों को परखा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि वेयर हाउस में फिनिशिंग कार्य को पूर्ण करते हुए निर्वाचन कार्यालय को भवन हस्तांतरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वहां तैनात फोर्स को समय-समय पर अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

शुक्रवार देर सांय को जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रॉनिक्स वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वेयर हाउस में डबल लॉक सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बल की तैनाती, अग्निशमन उपकरणों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को गोदाम में रखी ईवीएम मशीन और वीवी पैट की जानकारी दी। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यदाई संस्था आरईएस को निर्देशित किया कि ईवीएम कक्ष के दरवाजों के स्थित गैप को बंद करें। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी, भाजपा के पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह राणा, कांग्रेस से भरत सिंह रावत, आम आदमी पार्टी के त्रिलोक रावत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिजली बिलों में सिक्योरिटी चार्ज लेने पर भड़के कांग्रेसी और सभासद



पिथौरागढ़ : बिजली बिलों में सिक्योरिटी चार्ज को लेकर कांग्रेसियों और सभासदों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया है। वक्ताओं का कहना है कि सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। जब विद्युत संयोजन के समय ही सिक्योरिटी चार्ज लिया जाता है, तो फिर दोबारा सिक्योरिटी चार्ज लेना उपभोक्ताओं के साथ धोखा है। शनिवार को कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश पंत के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर के विद्युत कार्यालय में एकत्र हुए। उन्होंने यूपीसीएल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा बीते कई माह से सिक्योरिटी के नाम पर बिजली के बिलों में अतिरिक्त धनराशि जुड़कर आ रही है। कहा कनेक्शन जारी करते समय भी उपभोक्ताओं से सिक्योरिटी चार्ज लिया जाता है। इसके बावजूद दोबारा उपभोक्ताओं से सिक्योरिटी चार्ज लेना सरासर गलत है। बाद में उन्होंने यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता को भी ज्ञापन दिया। यहां निशीद उप्रेती, राजेश शर्मा, नीतेश कुमार, पवन पाटनी, उमेश जोशी, गौरव खड़ायत, सौरभ सौन, जगदीश कुमार, निखिल जोशी, गजेंद्र वल्दिया, रोहित कुमार, रोहन मेहता, त्रिभुवन, जीत शर्मा, अनिल खाती, मनोज सिंह, रमेश रावत, चंद्रशेखर मौजूद रहे। (एजेंसी)

**सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा यूपीसीएल**

पिथौरागढ़ : बिजली बिल में सिक्योरिटी चार्ज को लेकर सभासद भी विरोध में सड़क पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर यूपीसीएल जनता पर अतिरिक्त बोझ लाद रही है। सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। शनिवार को सभासदों का एक शिष्टमंडल कलक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान उन्होंने विरोध जताते हुए कहा कि कोरोना के कारण लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

## हाथियों ने रौंदी गेहूं की खड़ी फसल

चम्पावत : टनकपुर-चम्पावत नेशनल हाईवे से सटे बस्तिया और पूर्णागिरि से लगे उचौलीगोठ गांव में हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात हाथी ने काश्तकारों की खड़ी गेहूं की फसल को रौंद डाला।

बस्तिया ग्राम प्रधान कविता धौनी ने बताया कि शुक्रवार रात हाथी ने गुड्डी देवी, पूरन सिंह, हरिदत्त, पनीराम, राधा देवी, कल्याण सिंह, त्रिलोक सिंह, गोविंद सिंह, अंबादत्त, लाली राम, जगत सिंह आदि काश्तकारों की खड़ी फसल को तहस-नहस कर दिया।

इधर, उचौलीगोठ के ग्राम प्रधान पूजा महर ने बताया कि बीते एक हफ्ते से हाथी गांव में घुसकर गेहूं की फसल को उजाड़ रहे हैं। बताया कि काश्तकार पूरन सिंह महर, सुनील सिंह महर, पवन सिंह महर की फसल को चौपट कर दिय।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

बागेश्वर : जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य कार्यक्रम नुमाईशखेत मैदान में होगा। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होगा। प्रभातफेरी भी निकाली जाएगी। तहसील सभागार में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि गणतंत्र दिवस की सुबह साढ़े छह बजे से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें अधिकारी और गणमान्य नागरिक भी भाग लेंगे। प्रभात फेरी चौक बाजार से बस स्टेशन होते हुए गांधी चौक पर गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वापस दुगबाजार होते हुए नुमाईशखेत में गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समाप्त होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर सुबह साढ़े सात बजे भागीरथी बाई पास से आरे तक, आरे से डिग्री कालेज गेट तक खेल विभाग के तत्वाधान मे पांच वर्गों में क्रॉस कंट्री रेस होगी। 26 जनवरी सुबह साढ़े नौ बजे सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी तथा शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा। सुबह दस बजे पुलिस लाइन में पुलिस परेड आयोजित होगी। नुमाईशखेत मैदान में सामूहिक ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता में मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, उपजिलाधिकारी हरगिरि, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी, दलीप खेतवाल, नरेंद्र खेतवाल, भुवन कांडपाल, जयंत सिंह भाकुनी, इंद्र सिंह परिहार, संजय शाह जगाती, जयंत भाकुनी, जगदीश जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)



## रेस्टोरेंट में शराब पिलाना पड़ा मंहगा

चम्पावत : लोहाघाट पुलिस ने शराब पिलाने और बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि चेकिंग के दौरान हथरंगिया में रेस्टोरेंट स्वामी मोहन सिंह को अवैध रुप से शराब पिलाते हुए पकड़ा है, तालाशी में उसके कब्जे से 32 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पुलिस टीम में एसआई मनोज कुमार, प्रकाश सिंह, सोहन गिरी आदि रहे। (एजेंसी)

## महिलाओं व नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर लापरवाही न बरतें

हल्द्वानी। एसएसपी नैनीताल ने पुलिस के सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ की ऋाइम मीटिंग ली। इस दौरान महिलाओं व नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में जरा भी लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

शनिवार को हल्द्वानी मीटिंग हॉल में एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने ऋाइम मीटिंग के दौरान कर्मचारियों की समस्याओं को भली भांति सुना तथा निराकरण किया। नशे व महिलाओं व नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर अंकुश लागने के लिए प्रभावि कदम उठाने को कहा। कार्यऋम में एसओ वनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसआई प्रभात आगरी,आसिफ खान, कांस्टेबल चंदन मतौलिया, दिनेश नगरकोटी, प्रकाश पांडे को सम्मानित किया गया।

# महिलाओं ने किया जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन



चम्पावत : नगर लोहाघाट में पेयजल समस्या का समाधान न होने पर महिलाओं ने खाली बर्तनों के साथ जलसंस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर जलसंस्थान जल्द समस्या का समाधान नहीं करता है तो वह कोर्ट में जनहित याचिका दर्ज करेंगे। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं और लोगों ने शनिवार को आदर्श कलौनी में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जलसंस्थान चौथे दिन उनके घरों में केवल बीस मिनट पानी की सप्लाई दे रहा है। जिससे उनको रोजना पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। जिससे रोजाना के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाड़ों की छुट्टियों में अधिकतर लोग शहर से बाहर हैं फिर भी विलोग घर गए हैं पालिका अध्यक्ष ने कहा कि अगर फिर भी विभाग रोजाना पानी देने में समर्थ नहीं है। लोगों ने कहा कि विभाग महीने में केवल 10 दिन पानी दे रहा है। ऐसे में जलमूल्य भी 10 दस दिन का होना चाहिए। लोगों ने कहा कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह जल संस्थान के खिलाफ कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे। इस मौके पर पुष्पा देवी, निर्मला पांडेय, यशोदा जोशी, भागीरथी देवी, बबीता देवी, राधा देवी, सोनी बिष्ट, पार्वती देवी, बालकिशन, जर्नादन गड़कोटी, चूड़ामनी राय, नवीन नाथ, भुवन बहादुर, राजकिशोर साह, प्रकाश जुकरिया, मित्रदेव जोशी, मनाज राय, रमेश चन्द्र, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एक नजर

## स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

चम्पावत : पुलिस ने सात ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर चलाए गए ऑपरेशन क्रैकडाउन के दौरान बनबसा थाना पुलिस ने सात ग्राम स्मैक के साथ अमन कुरेशी निवासी वार्ड-3 और दीपक कुमार निवासी बनबसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, एसआई अरविंद कुमार, शैलेंद्र राणा, विजय कुमार रहे। (एजेंसी)

## राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को

पिथौरागढ़ : सीमांत में जिला न्यायालय और इसके अधीनस्थ न्यायालयों में आगामी 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को सीनियर सिविल जज विभा यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फौजदारी के शमनीय मामलें, एनआई एक्ट, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, श्रमिक क्षतिपूर्ति, वैवाहिक सहित दीवानी मामलों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। (एजेंसी)

## नाबालिग चला रहा वाहन

पिथौरागढ़ : घाट पुलिस ने एक नाबालिग को वाहन संचालित करते हुए पकड़ा। चौकी प्रभारी हरीश सिंह के नेतृत्व में बीते रोज पुलिस ने घाट में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने एक कार को रोका। जांच के दौरान चालक नाबालिग निकला। पुलिस ने कार को सीज कर अभिभावकों को चौकी बुलाकर उनकी काउंसिलिंग की। साथ ही भविष्य में नाबालिग किशोर को वाहन न देने की सख्त हिदायत दी। (एजेंसी)

## वारंटी को किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : न्यायालय से गैर जमानतीय वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान जारी है। प्रभारी निरीक्षक कुंवर सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वारंटी खोतिला निवासी मदन राम को हिरासत में लिया। टीम में हेड कांस्टेबल आन सिंह मौजूद रहे। (एजेंसी)

## स्वास्थ्य कैंप में 68 लोगों ने कराई जांच

अल्मोड़ा : होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं देहरादून के निर्देश पर राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल संग्रोली की ओर से लमगड़ा विकास खंड के जलना में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. नवीन सिंह पांगती और फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, एमपीडब्लू टीका सिंह ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा बांटी। सही पोषण और बेहतर स्वास्थ्य समेत विभिन्न रोगों से बचाव की जानकारी दी। (एजेंसी)

## बुलट व स्कूटी सीज

अल्मोड़ा : सड़क दुर्घटनाओं में कमी के उद्देश्य से एसएसपी अल्मोड़ा प्रदीप कुमार राय के निर्देशन में पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार इंटरसेप्टर प्रभारी जीवन सिंह सामंत पुलिस बल के साथ माल रोड में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान रैश ड्राइविंग करने पर वाहन संख्या- यूके-01बी- 5965 के चालक विजय लटवाल निवासी लोधिया की बुलेट और वाहन संख्या- यूके04-एए- 0681 के चालक भारत चंद्र निवासी बिमोला, स्यालीधार, अल्मोड़ा की स्कूटी को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज कर चालानी रिपोर्ट न्यायालय भेजी। (एजेंसी)

## कपड़े के बैग वितरित करेगी पालिका

पिथौरागढ़ : नगर पालिका सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए लोगों को कपड़े के बैग उपलब्ध कराएगी। शनिवार को पालिकाध्यक्ष राजेंद्र रावत के नेतृत्व में पालिका ने इसकी शुरूआत भी कर दी है। कर्मचारियों ने बाजार में लोगों को कपड़े के बैग बांटे।

साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की। सिटी मिशन मैनेजर महेंद्र बिष्ट ने बताया कि टीम रोजाना अलग–अलग क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाएगी और लोगों को कपड़े के बैग वितरित करेगी।



## घायल महिला की मदद को आगे आए युवा

चम्पावत : विकास खंड बाराकोट के ग्राम पंचायत छतोली के ल्यूंघर में घायल महिला के उपचार के लिए युवाओं की टीम आगे आई। ल्यूंघर तोक निवासी हेमा पाठक पत्नी दिनेश पाठक घास काटने के दौरान गिर गई। जिसमें उनकी रीढ की हड्डी टूट गई। जिसमें आपरेशन होना है। परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण युवाओं के श्रीमहाकाली सोशल एंड यूथ वैलफेयर एसोसिएशन ने घायल महिला के लिए दस हजार रुपये का चैक प्रदान किया। उन्होंने लोगों से महिला की सहायता करने की अपील की। टीम में अध्यक्ष शुभम ढेक, दीपक जोशी, राज महर, सैम बिष्ट, राहुल वर्मा, प्रियंका फत्र्याल, दीपक बोहरा,गणेश भट्ट, मोहसिन अंसारी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## हिमवीरों ने सीखी योग की क्रियाएं

चम्पावत : आईटीबीपी की 36 वीं वाहिनी में आर्ट ऑफ लिविंग का सात दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया है।

प्रशिक्षण में हिमवीरों ने योग की कई क्रियाएं सीखीं। शनिवार को आईटीबीपी के उपसेनानी बरेन्दर सिंह ने ऑर्ट ऑफ लिविंग का समापन करते हुए कहा कि हिमवीरों को इसे दैनिक जीवन में प्रयोग करने से तनाव से मुक्ति मिलेगी।

अल्मोड़ा से आए प्रशिक्षक दीपक गुप्ता और भावेश ने बताया कि श्रीश्री रविशंकर की संस्था के दिशा निर्देशन पर वह हिमवीरों को ऑर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षण में सुदर्शन क्रिया, योग, सूर्य नमस्कार सिखाया गया।

## भाजपा राज में खनन माफियाओं और तस्करों को खुली छूट

बागेश्वर : जिला कांग्रेस कमेटी की यहां संपन्न बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। पूर्व राज्य मंत्री व महेंद्र सिंह लुंठी ने कहा कि जनपद में प्रशासन ने खान माफियाओं को खुली छूट दी है। प्रशासन खान व्यववासियों को शह दे रहा है। पार्टी कार्यालय में शनिवार को आयोजित बैठक में लुंठी ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में खान माफियाओं, तस्करों को खुली छूट मिली है। प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। युवा नशे की ओर जा रहे हैं परंतु पुलिस प्रशासन कुछ नहीं कर पा रहा है। कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो नफरत छोड़ो यात्रा की सफलता के बाद अब राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा प्रारंभ हो रही है, जिसके लिए जनता से संपर्क करने पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने संगठन मजबूती पर बल देते हुए जन हित से उठे मुददे उठाने की आवश्यकता जताई साथ ही आगामी नगर पालिका, लोकसभा चुनावों से पूर्व प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने के लिए रणनीति बनाए जाने पर बल दिया। मकर संक्रांति पर सरयू बगड़ में कांग्रेस भी अपना पंडाल लगाएगी। बैठक में कई नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

## लाइटर नहीं दिया तो मेडिकल स्टोर कर्मी को पिस्टल दिखायी

हल्द्वानी। लाइटर नहीं देने पर शहर के एक कपड़ा व्यापारी पर मेडिकल स्टोर कर्मचारियों को पिस्टल दिखाकर धमकाने का आरोप लगा है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं पीड़ति कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया है। हल्द्वानी पुलिस के अनुसार 5 दिसंबर की रात करीब 10:40 पर शहर का एक कपड़ा व्यापारी सेंट्रल मेडिकल स्टोर पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने मेडिकल स्टोर कर्मचारियों से लाइटर मांगा। आरोप है कि लाइटर देने से मना करने पर व्यापारी ने दुकान के काउंटर पर पिस्टल रख मेडिकल स्टोर कर्मचारियों को धमकाया। ये पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। मेडिकल स्टोर संचालक रविंद्र कुमार शर्मा ने अपने कर्मचारी के साथ हुई अभद्रता पर गुरुवार शाम को मामले में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी की कार से उसका पता ढूंढ कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसआई विजय मेहता ने बताया कि शनिवार सुबह आरोपी लोहरियासाल तल्ला निवासी यशवंत सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यशवंत की पिस्टल का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

# क्षमताओं के आधार पर विकास के आयाम तलाशें : अनूप भाकुनी

अल्मोड़ा : ताकुला विकासखंड के हड़ोली ग्राम निवासी अनूप भाकुनी के उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिविजन) बनने के बाद प्रथम बार अपने गांव हड़ौली आगमन पर ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित किया। दो माह पूर्व उनका चयन बिहार न्यायिक सेवा में भी हो चुका था। उनकी इस सफलता पर उनके गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इन दिनों वे अपने माता पिता के साथ अपने गांव हड़ौली आये हुए हैं। उनके सम्मान में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने उनकी इस सफलता को क्षेत्र का गौरव बताया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अनूप भाकुनी ने पहाड़ में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की कमजोर स्थिति को दुःखद बताते हुए स्थानीय संसाधनों एवं अपनी क्षमताओं के आधार पर विकास के आयाम तलाशने की बात कही। इस मौके पर अनूप भाकुनी के पिता भीम सिंह, माता तारा देवी के आलावा हर सिंह भाकुनी, चन्दन सिंह, भूपाल रावत, ईश्वर जोशी, दीप नारायण, बालम सिंह, प्रभाकर भाकुनी, लक्ष्मण सिंह, सुनील बाराकोटी, हेमंत राम, भवानी देवी, सरस्वती देवी, जयपाल सिंह, राजेन्द्र, भूपेन्द्र सिंह, गंगा सिंह बनौला, किशन सिंह, शंकर सिंह, तारा दत्त डंगवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीप नारायण भाकुनी ने तथा संचालन ईश्वर जोशी ने किया।

## सिविल जज अनूप को किया सम्मानित

अल्मोड़ा : हड़ौली ग्राम निवासी अनूप भाकुनी के उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूडि) बनने के बाद प्रथम बार गांव आगमन पर ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। दो माह पूर्व उनका चयन बिहार न्यायिक सेवा के लिए भी हो चुका था। इन दिनों अनूप अपने माता पिता के साथ गांव हड़ौली आये हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीप नारायण भाकुनी और संचालन ईश्वर जोशी ने किया। समारोह के मौके पर अनूप भाकुनी के पिता भीम सिंह, माता तारा देवी के आलावा हर सिंह भाकुनी, चंदन सिंह, भूपाल रावत, ईश्वर जोशी, दीप नारायण, बालम सिंह, प्रभाकर भाकुनी, लक्ष्मण सिंह, सुनील बाराकोटी, हेमंत राम, भवानी देवी, सरस्वती देवी, जयपाल सिंह, राजेन्द्र, भूपेन्द्र सिंह, गंगा सिंह बनौला, किशन सिंह, शंकर सिंह, तारा दत्त डंगवाल आदि रहे। (एजेंसी)

# व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष पद पर नवीन वर्मा उम्मीदवार



हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय चुनाव को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इसी ऋम में शनिवार को कुमाऊं के निवर्तमान पदाधिकारियों की रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठक हुई। इसमें सभी जिलों के पदाधिकारियों ने निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा को कुमाऊं से प्रत्याशी बनाने का फैसला लिया है। सभी ने वर्मा को एक मत होकर समर्थन दिया है। संगठन के निवर्तमान जिलाध्यक्ष बिपिन गुप्ता और हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा की ओर से नवीन वर्मा को प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। इधर, मंडल के सभी पदाधिकारियों की ओर से समर्थन देने पर नवीन वर्मा ने आभार जताया। उन्होंने हमेशा व्यापारी हितों के संघर्ष करने की बात कही। इस मौके पर हर्ष वर्द्धन पांडे, राज कुमार, प्रकाश चंद्र तिवारी, बलवंत सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी, सत्यभान गर्ग, पवन जोशी, त्रिलोचन जोशी, कुसुम दिगारी, सौरभ भट्ट बाबू लाल गुप्ता, ओम प्रकाश अरोरा आदि मौजूद रहे।

## यूओयू के खिलाफ युवाओं का अर्द्धनग्न होकर धरना प्रदर्शन

हल्द्वानी। बीते पांच दिनों से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और उसके सहयोगी संस्थानों के खिलाफ धरने पर बैठे युवाओं को कई अन्य कर्मचारी संगठनों और छात्रनेताओं का साथ मिला है। शनिवार को तड़के बुद्ध पार्क में अर्धनग्न होकर युवाओं ने प्रदर्शन किया।

कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू की अगुवाई में बुद्ध पार्क में युवाओं ने यूओयू, सहयोगी संस्थान और एक अन्य ऑटोमोबाइल कंपनी पर रोजगारपरक कोर्स के नाम पर फर्जी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट देने का आरोप लगाया। दर्जा मंत्री ने कुलपति से दूरभाष पर वार्ता कर जल्द से जल्द मामले का हल निकालने को कहा। साथ ही आंदोलित युवाओं को विश्वास दिलाया कि सभी 3 मांगें पूरी होने तक अपना पूर्ण समर्थन देंगे। युवाओं के साथ अर्धनग्न प्रदर्शन में जायडस वैलनेस इंप्लॉयज यूनियन सितारगंज के पदाधिकारी भी बैठे। प्रकाश सिंह मेहता, खीम सिंह रावत आदि ने धरनास्थल पहुंचकर समर्थन दिया। वहीं, एमबीपीजी कॉलेज की छात्रसंघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लाल सिंह पवार, हर्षित जोशी, गौरव बजेला, पंकज कुमार, हर्षित कांडपाल के साथ समर्थन दिया।

# सचिव मुख्यमंत्री और आयुक्त गढ़वाल मंडल जोशीमठ में कैम्प करेंगे : सीएम

## विकास कार्यों के अनुश्रवण हेतु समन्वय समितियों का होगा गठन

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जोशीमठ भू धंसाव क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण एवं पीड़ितों से मुलाकात के बाद वापस देहरादून पहुंचने पर सचिवालय स्थित आपदा प्रबन्धन केन्द्र में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जोशीमठ भू धंसाव से पीड़ित लोगों की मदद एवं राहत एवं बचाव के साथ विकास कार्यों के अनुश्रवण हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन स्तर पर तथा आयुक्त गढ़वाल की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर पर समन्वय समिति का गठन तत्काल किया जाय। यह समिति क्षेत्र में किये जा रहे सभी कार्यों का निरन्तर अनुश्रवण करेगी ताकि पीड़ितों की हर सम्भव मदद तथा क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लायी जा सके। उन्होंने कहा कि सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुन्दरम और आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार रविवार से जोशीमठ में कैम्प करेंगे।



मुख्यमंत्री ने पीड़ितों की मदद के लिये आपदा मानकों से हट कर भी मदद किये जाने तथा सीएसआर के तहत भी राहत की व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत कार्यों की स्वीकृति आदि के लिये उच्चाधिकार समिति के गठन की भी बात कही, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी से कार्य हो सके।

जोशीमठ को भूस्खलन एवं भूधंसाव क्षेत्र घोषित करने के साथ जिलाधिकारी चमोली का आपदा मद में 11 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करायी गयी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निदेशक राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द (एनआरएससी) हैदराबाद तथा निदेशक भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस) से जोशीमठ क्षेत्र का विस्तुत सेटलाइट इमेज के साथ अध्ययन कर फोटोग्राफस के साथ विस्तृत रिर्पोट उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही उप महानिदेशक भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण संस्थान से कोटी फार्म, जड़ी बूटी संस्थान, उद्यान विभाग की जोशीमठ स्थित भूमि एवं पीपलकोटी की सेमलडाला स्थित भूमि की पुनर्वास की उपयुक्तता हेतु भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अपेक्षा की गई है। इसके साथ ही निदेशक आईआईटी रूड़की, निदेशक वाडिया इंस्टियूट आफ हिमालयन ज्योलाजी, निदेशक नेशनल इंस्टीटयूट आफ हाइड्रोलॉजी रूड़की एवं निदेशक सीएसआईआर, सेन्ट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टियूट रूड़की से भी जोशीमठ क्षेत्र का अपने स्तर से विस्तृत सर्वेक्षण एवं अध्ययन कर रिर्पोट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव आपदा प्रबन्धन डॉ. रणजीत सिन्हा, अपर मुख्य कार्यालय अधिकारी आपदा सविन बंसल, आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## माधो सिंह भंडारी पर आधारित नृत्य नाटिका को देख दर्शक हुए भावुक

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर के मलेथा में वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी सांस्कृतिक स्मृति मेले के अंतिम दिन माधो सिंह भंडारी के शौर्य, पराक्रम और बलिदान से जुड़ी घटनाओं पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

माधो सिंह भंडारी नृत्य नाटिका के माध्यम से करीब 400 वर्ष जब कोई इंजीनियरिंग तकनीकी और संसाधन नहीं थे ऐसे समय में माधो सिंह भंडारी द्वारा मलेथा की भूमि को हराभरा करने के लिए खोदी गई सुरंग के माध्यम से प्रेरणा दी गई। साथ ही माधो सिंह भंडारी की ओर से किए गए बलिदान पर आधारित प्रसंग को नृत्य नाटिका के माध्यम से देखकर दर्शकों की आंखे नम हो गई। इस मौके पर फोक संगम कला मंच श्रीनगर की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां भी दी गई। मेले के समापन पर कीर्तन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सूर्य देवी कीर्तन मंडली मलेथा, द्वितीय स्थान पर रही राधेश्याम कीर्तन मंडली बिलकेदार व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर वीर शिरोमणि कीर्तन मंडली मलेथा को सम्मानित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी अधिवेशन में आशा बिष्ट करेंगी शिरकत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मॉरिशस में आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी अधिवेशन में पौड़ी की डा. आशा बिष्ट शिरकत करेंगी। जहां वह व्याख्यान के साथ-साथ कविता पाठ भी करेंगी। आशा गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर (गेस्ट फैकल्टी) के रुप में लंबे समय से बेहतर सेवाएं दे रही हैं। इससे पहले वह कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हिंदी काव्य पाठ कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि परिवार, परिवेश व शिक्षकों की प्रेरणा से लगातार कदम आगे बढ़ रहे हैं।

भाषा सहोदरी हिंदी न्यास एवं महात्मा गांधी संस्थान मॉरिशस के संयुक्त तत्वावधान में नौवां अंतर्राष्ट्रीय हिंदी अधिवेशन-2023 का आयोजन किया जा रहा है। अधिवेशन का आयोजन आगामी 9 जनवरी से 15 जनवरी तक किया जाएगा। जो न्यास के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा के संचालन में संपन्न होगा। इस अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में पौड़ी की डा. आशा बिष्ट भी शिरकत करेंगी। अधिवेशन में उन्हें वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। डा. आशा बिष्ट अधिवेशन में 10 जनवरी को "विश्व में राजभाषा हिंदी के बढ़ते कदम" विषय पर व्याख्यान देंगी। साथ ही 11 जनवरी को कविता पाठ करेंगी। महात्मा गांधी संस्थान मॉरिशस की स्थापना भारत व मॉरिशस सरकार ने वर्ष 1970 में की थी। जिसका उद्घाटन पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने किया था। अधिवेशन में भारत व मॉरिशस के विभिन्न संस्थानों के शिक्षाविद्, शिक्षक, प्रोफेसर, लेखक, साहित्यकार, पत्रकार, कुलपति, प्रवासी भारतीय प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान भाषा सहोदरी हिंदी न्यास की सहोदरी पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। डा. आशा बिष्ट गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी के हिंदी विभाग में लंबे समय से गेस्ट फैकल्टी के रुप में बेहतर सेवाएं दे रही हैं। डा. आशा की उपलब्धि पर परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी, हिंदी विभागाध्यक्ष डा. विंदू यादव, सेवानिवृत्त प्रो. विनय कुमार डबराल, प्रो. श्याम दत्त तिवाड़ी, डा. लवकेश कुमार ने परिसर, पौड़ी व प्रदेश के लिए गौरव का पल बताया।

# रचनात्मकता जीवन में जरूरी : नवानी

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम सभागार श्रीनगर में धाद मातृभाषा एकांश श्रीनगर गढ़वाल के तत्वावधान में गिरीश पंत मृणाल के गढवाली काव्य संग्रह 'खौरी का बारा' व चंडी प्रसाद बंगवाल द्वारा लिखित एवं शकुंतला बंगवाल के स्वर में ज्ञान की तू शक्ति छैं मां..गढ़वाली सरस्वती वंदना का लोकार्पण धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर मायादेवी ग्रुप की महिला सदस्यों ने मांगल गीत व गढ़वाली लोकगीत तथा बाल कलाकार प्रद्युम्न उनियाल ने गढ़वाली गीत और तेजस्वी सेमवाल एवं परीक्षित ने शानदार नृत्य प्रस्तुति दी।

लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धाद संस्था के संस्थापक लोकेश नवानी ने कहा कि रचनात्मकता जीवन में जरूरी है। उन्होंने काव्य संग्रह खौरी का बारा एवं गढ़वाली सरस्वती वंदना की सराहना करते हुए कहा कि इनके माध्यम से गढ़वाली भाषा के संरक्षण में योगदान दिए जाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को गढ़वाली भाषा के संरक्षण में योगदान देने की आवश्यकता है। मौके पर विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र पंवार, शांति प्रसाद जिज्ञासु, मधुसूदन थपलियाल, अमित सागर, डा. राकेश भट्ट, महेशानंद ने लोकभाषा आंदोलन में दिए जा रहे योगदान का स्वागत करते हुए मृणाल पंत व बगंवाल दम्पति को बधाई दी। खौरी का बारा पुस्तक की समीक्षा लेखक महेशानंद ने की। इस मौके पर धाद की श्रीनगर इकाई के संरक्षक चंडी प्रसाद बंगवाल, अध्यक्ष कमलेश जोशी, उपाध्यक्ष महेश गिरी, सचिव साईनीकृष्ण उनियाल आदि ने सहयोग दिया। मौके पर गंगा असनोडा थपलियाल, अंजना घिल्डियाल, प्रदीप अंथवाल, उम्मेद सिंह मेहरा, डा. प्रताप भंडारी, डा. उत्तम भंडारी, सौरभ नौटियाल, कमला उनियाल, सबिता बंगवाल, संध्या डिमरी, मंजु, कविता, सरिता बंगवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार।स्टेशन रोड में पुलिस ने सड़क किनारे से एक शव बरामद किया है। कोतवाली प्रभरी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। पुलिस ने व्यक्ति को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि देर शाम तक पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर पाई थी।

## विधायक कंडारी ने किया मढ़ी-चौरास पेयजल योजना का निरीक्षण

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के चौरास क्षेत्र के 11 ग्राम पंचायतों के 16 राजस्व गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई जा रही मढ़ी-चौरास पेयजल योजना का शनिवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना निर्माण में तेजी लाने के लिए निर्माणदायी संस्था को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगभग 37 करोड़ के बजट से बन रही इस योजना से चौरास क्षेत्र के गांवों को शहरी मानकों के हिसाब से पानी मिलेगा। कहा इससे चौरास क्षेत्र में वर्षों से सामने आ रही पेयजल समस्या का निदान होगा।

# फरियादी की शिकायत प्राथमिकता से सुनें : सीओ

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : सीओ सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा ने शनिवार को थाना सतपुली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया।

इस दौरान सीओ ने कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी की शिकायत प्राथमिकता के साथ सुनें। हर पुलिस जवान अपना अनुशासन उच्च कोटि का बनाएं रखे।

उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिये। इस मौके पर सीओ ने पुलिस कर्मियों की समस्याओं को भी सुना।



सीओ सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा ने सतपुली थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करते हुए।

शनिवार को सीओ सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा ने सतपुली थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। थाना कार्यालयों में रखे अभिलेखों को चेक कर शस्त्रागार, मालखाना, बैरिक, मेस, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर उपकरणों आदि का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों से अस्लाह/कारतूस की जानकारी लेकर उनकी हैंडलिंग करवाई। उन्होंने थानाध्यक्ष सतपुली को जवानों का अनुशासन, टर्नआउट उच्च कोटि का बनाऐ रखने, बैरिकों व आवासीय परिसर को साफ-सुथरा रखने, सरकारी संपति का रखरखाव व देखभाल ठीक रखने, अभिलेखों को अध्यावधिक करने व उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों का सही ढंग से पालन करवाने के निर्देश दिए।

# शिक्षक-कर्मचारियों की समस्या को लेकर डीईओ बेसिक से मिला प्रतिनिधिमंडल

नई टिहरी : उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ टिहरी गढ़वाल का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के जिलाध्यक्ष महादेव मैठाणी के नेतृत्व में अशासकीय जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक–कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीईओ बेसिक से मिला। संघ ने शिक्षक–कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग पुरजोर तरीके से की। संघ ने डीईओ बेसिक से समस्याओं को लेकर गहनता से वार्ता की। वार्ता में जिलाध्यक्ष महादेव मैठाणी ने बताया कि अशासकीय जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक–कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिनमें शिक्षक–कर्मचारियों के चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरण विगत दो सालों से कार्यालय में लंबित हैं। जबकि शासन से इस सम्बंध में स्पष्ट निर्देश हैं। जिन विद्यालयों को न्यायालय के निर्देश पर वित्त विहीन सेवाओं को जोड़कर चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान दिया जाना है। उनके अलावा जिन के इस समान प्रकृति के प्रकरण न्यायालय या विभाग में लंबित हैं। उनके लिए निदेशक एवं जनपद स्तर पर समिति गठित की गई है। लेकिन जनपद स्तर पर इन प्रकरणों को अनावश्यक उलझाया जा रहा है। जिससे शिक्षकों को कार्यालय के अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उन्हें अनावश्यक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जूनियर हाईस्कूलों के नई पेंशन योजना से आच्छादित शिक्षक–कर्मचारियों का वेतन आहरण विगत पांच सालों से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नई टिहरी से हो रहा है। लेकिन उनकी एनपीएस की धनराशि आज भी मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरेन्द्र नगर में जमा की जा रही है, जो छह-छह महीनों में भेजी जा रही है। इस से शिक्षक–कर्मचारियों को ब्याज की धनराशि का नुकसान भी हो रहा है। चेक जमा करने नरेंद्रनगर जाना पड़ रहा है।

## आज आठ केंद्रों में होगी पटवारी भर्ती परीक्षा

रुद्रप्रयाग : आज रविवार 8 जनवरी को होने वाली उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा के लिए तहसील रुद्रप्रयाग में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को देखते हुए प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों में परीक्षा अवधि के दौरान धारा-144 लागू कर दी है। उपजिलाधिकारी सदर अपर्णा ढौंडियाल ने यह जानकारी दी है। बताया कि सब डिवीजन रुद्रप्रयाग की सीमा में अटल उत्कृष्ट, स्वामी सच्चिदानन्द राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज रुद्रप्रयाग, श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल तिलणी, राजकीय पालीटेक्निक रतूडा, अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय रुद्रप्रयाग को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। (एजेंसी)

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर सम्पन्न

रुद्रप्रयाग : शहीद चंद्रमोहन सिंह राजकीय इंटर कालेज दैडा का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर पर्यटन गांव सारी के जूनियर हाईस्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपंन हो गया। शिविर के समापन अवसर पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बढ़–चढकर भागीदारी की।

साथ ही शिविर के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान मनोरमा देवी ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्र–छात्राएं संस्कारवान बनते हैं साथ ही ग्रामीणों को भी स्वयंसेवियों से अनुभव साझा करने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि डा. कैलाश पुष्पवान ने कहा कि एनएसएस छात्र–छात्राओं में प्रखर राष्ट्र भावना एवं समाज सेवा की भावना का विकास करती है। विशिष्ट अतिथि व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भट्ट ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन ग्रामीणों में जागरूकता पैदा होती है। कार्यक्रम अधिकारी चक्रधर प्रसाद शैव ने बताया कि सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने गांव में नशामुक्ति व पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को अनेक जानकारियां दी गई। मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य गणेश लाल, कैलाश चंद्र गार्गी, उप प्रधान अनीता देवी, पूर्व क्षेपंस जसवीर नेगी, महिला मंगल दल अध्यक्ष मंजू देवी, नव युवक मंगल दल अध्यक्ष धर्मेन्द्र भट्ट, सरपंच मुरली सिंह नेगी, अध्यक्ष ईको विकास समिति मनोज नेगी, पूर्व सरपंच भगत सिंह नेगी, सह कार्यक्रम अधिकारी कविता वंसल, भरत नेगी, दिलवर नेगी, राजेश्वरी देवी, गुड्डी देवी, चैत सिंह भट्ट, गबर सिंह नेगी, सुजल मौजूद थे। (एजेंसी)

# स्वयं सेवियों ने लगाई गढ़वाली पकवानों की प्रदर्शनी

चमोली : राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्वयं सेवा का विशेष शिविर शनिवार को संपन्न हो गया है। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा गढ़वाली पकवानों की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष धन सिंह नेगी, प्रसिद्ध उद्यमी बीरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि समाज सहित देश सेवा का जज्बा ऐसे विशेश शिविरों के माध्यम से बच्चों में जागृत होता है। स्वागत गीत के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में बच्चों ने ढाई किलो की किताब जब उठाती हूं तो मैं उठती नहीं उठ जाती हूं जैसे नृत्य गीत के माध्यम से गणित विषय की सरलता और गणित के बिना कुछ संभव नहीं है को बताया। वहीं जागरों के माध्यम से पहाड़ की परंपरा को सामने रखा। महिला मंगल दल पाडली और जाख ने भी कार्यक्रम किए। इस दौरान पहाड़ में बनाए जाने वाले झंगोरे की खीर, रोट, अरसे, दाल की पकोड़ी सहित कई मोटे अनाजों से बने पकवानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में जीआईसी के प्रधानाचार्य गिरीश डिमरी, एनएसएस प्रभारी निमिलता नेगी, बाल विकास की सुपरवाइजर प्रियंका नौटियाल, हरीश चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# शासन-प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

नई टिहरी : टिहरी बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों का विस्थापन की मांग को लेकर 25 वें दिन भी धरना जारी रहा। ग्रामीणों ने उनकी मांग पर सुनवाई न होने पर रोष जताया है।

तल्ला उप्पू की ग्राम प्रधान सुशीला चौहान ने कहा कि ग्रामीण बीते 25 दिनों से विस्थापन की मांग को लेकर आंदोलनरत है, लेकिन शासन-प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है।

कहा उन्होंने देश हित में अपने खेत और खलिहान दे दिये, जिसके बाद ग्रामीण खेती विहीन हो चुके है। शासन प्रशासन को उनकी मांग पर तत्काल उचित कार्यवाही करनी चाहिए थी,लेकिन पुनर्वास विभाग और प्रशासन उनकी ओर से ध्यान तक नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने जल्द उनकी मांग का समाधान करने को कहा है। धरने पर बैठने वालों में वीर सिंह राणा, महावीर चौहान, रुकमा देवी, पूर्णा देवी, उर्मिला देवी, दर्शनी देवी, जय सिंह, खेम सिंह, पूर्ण सिंह, हिक्मत सिंह, डीएन नौटियाल, कुवारा नेगी, चंद्र देवी, शांता देवी, ममता रावत, विमला देवी, कौशल्या देवी आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)




उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

ई–निविदा सूचना

सं. एम–1–ओटी–टीपी–बॉक्स–बीई–22 दिनांक : 06.01.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सी& डब्ल्यू) मुरादाबाद के द्वारा ई–टेंडर संख्या एम–1–ओटी–टीपी–बॉक्स–बीई–22 के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 30.01.2023, 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के बरेली रेलवे स्टेशन के प्लेट–फार्मो/यार्डो में आने जाने वाली मेल एक्सप्रेस, सवारी गाड़ियों/माल गाड़ियां आदि के ड्राइवरों/गार्डो के खाना/लाइन बाक्सों को ट्रेन इंजन/ब्रेकवानों से उतारने/चढ़ाने एवम बाक्स रूम/रनिंग रूम तक लाने ले जाने सम्बन्धी कार्य, दो वर्ष के लिए। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| बन्द होने की दिनाँक एवं समय | 30.01.2023 15.00 बजे | टेण्डरिंग सेक्शन | यांत्रिक (ओ&एफ) |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रु. 24,85,107.60 (इंक्लूसिव ऑफ़ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इनक्लुडिंग जीएसटी@18%) | | |
| धरोहर राशि (रु.) | 49,700.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु) | 3,000.00 | कार्य की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.01.2023 | कांट्रक्ट टाइप | सर्विस |

81/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

नई टिहरी : टिहरी विधायक ने गुल्डी गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क आदि की समस्याऐं विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने संबधिंत विभाग के अधिकारियों को समस्या का निराकरण के निर्देश दिये। शनिवार को चंबा ब्लॉक के गुल्डी गांव पहुंचे विधायक किशोर उपाध्याय का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्राम प्रधान परमजीत सजवाण ने कहा कि गुल्डी गांव चंबा कस्बे से सटा है, लेकिन गांव तक जाने के लिये आज भी सड़क की सुविधा नहीं है। इसके साथ ग्राम प्रधान ने गांव में पेयजल किल्लत दूर करने, एक कंप्यूटर कक्ष और लाइब्रेरी के निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि सभी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से निराकरण करवा दिया जाऐगा। विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने को कहा। इस मौके पर जिपंस यमला सजवाण, मंडलध्यक्ष संदीप रावत, सुशील बहुगुणा, अनीता कोठारी, महीपाल सजवाण, विक्रम तोपवाल, युद्धवीर सजवाण, सुधीर बहुगुणा, सोहनवीर सजवाण, राजेंद्र डोभाल, अंकित सजवाण मौजूद थे। (एजेंसी)

## सांसद का चमोली दौरा 10 जनवरी से

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत 10 जनवरी से तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेगें। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी सीएस बनकोटी ने बताया कि सांसद 10 जनवरी को 12 बजे गोपेश्वर पहुंचकर विकासभवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेंगे।

## गढ़वाल सांसद का दो दिवसीय भ्रमण आज से

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत रविवार से दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान सांसद जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ दिशा की बैठक भी लेंगे। जिला कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार सांसद रविवार (8 जनवरी) को अपराह्न 3 बजे मुनिकी रेती ऋषिकेश से प्रस्थान कर सायं 7 बजे रुद्रप्रयाग पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम जीएमबीएन के गेस्ट हाउस में करेंगे। सोमवार को प्रातः 10 बजे जीएमबीएन से प्रस्थान कर 10:30 बजे विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेगें। बैठक के बाद 12:30 बजे प्रस्थान कर जीएमबीएन तिलवाड़ा जाएंगे तथा अपराह्न 1 बजे राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके पश्चात सांसद कंडारा गाँव में पहुंचकर वरिष्ठ भाजपा नेता बचन सिंह रावत के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने जाएंगे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

ई–निविदा सूचना

सं. एम–1–ओटी–टीपी–बॉक्स–सीएच–22 दिनांक : 06.01.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सी& डब्ल्यू) मुरादाबाद के द्वारा ई–टेंडर संख्या एम–1–ओटी–टीपी–बॉक्स–सीएच–22 के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 30.01.2023, 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के चन्दौसी रेलवे स्टेशन के प्लेट–फार्मो/यार्डो में आने जाने वाली मेल एक्सप्रेस, सवारी गाड़ियों/माल गाड़ियां आदि के ड्राइवरों के खाना/लाइन बाक्सों को ट्रेन इंजन/ब्रेकवानों से उतारने/चढ़ाने एवम बाक्स रूम/रनिंग रूम तक लाने ले जाने सम्बन्धी कार्य, दो वर्ष के लिए। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| बन्द होने की दिनाँक एवं समय | 30.01.2023 15.00 बजे | टेण्डरिंग सेक्शन | यांत्रिक (ओ&एफ) |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रु. 7,24,823.05 (इंक्लूसिव ऑफ़ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इनक्लुडिंग जीएसटी@18%) | | |
| धरोहर राशि (रु.) | 14,500.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु) | 2,000.00 | कार्य की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.01.2023 | कांट्रक्ट टाइप | सर्विस |

82/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# व्हिप्ड क्रीम से बनाए जा सकते हैं ये 5 डेजर्ट, आसान है रेसिपी

व्हिप्ड क्रीम के बगैर कोई भी डेजर्ट अधूरा है। यह केक और अन्य डेजर्ट को सजाने के लिए इस्तेमाल की जाती है और इसका मलाईदार टेक्चर और स्वाद दोनों लोगों को खूब पसंद आता है। यह क्रीम दूध से बनाई जाती है, इसलिए यह सेहत के लिए गुणकारी है। हालांकि, किसी भी चीज का ज्यादा इस्तेमाल करने पर वह नुकसानदायक भी हो सकती है। आइए आज हम आपको व्हिप्ड क्रीम के इस्तेमाल से बनने वाली पांच डेसर्ट रेसिपी बताते हैं।



सबसे पहले स्ट्रबेरी और चीनी को एक साथ मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें। अब मैदा, बेकिंग पाउडर, दूध, मक्खन और चीनी डालकर सख्त आटा तैयार करें। इस आटे को केक का आकार दें और सुनहरा होने तक बेक करें। अब इलेक्ट्रिक मिक्सर का उपयोग करके व्हिप्ड क्रीम को अच्टे से दें टें। केक के बेक हो जाने के बाद इसके स्लाइस कट करें और हर स्लाइस में स्ट्रबेरी फिलिंग भरकर ऊपर से व्हिप्ड क्रीम लगाएं। अंत में स्ट्रबेरी से सजा दें।

आयरिश क्रीम कफी बनाने के लिए सबसे पहले अपनी पसंदीदा कफी बनाना शुरू करें। अब क्रीम के फ्लफी होने तक उसे व्हिप कर लें। इसके बाद एक बड़ा कफी मग लें और इसमें पहले से तैयार कफी, चीनी, व्हिस्की और आयरिश क्रीम मिलाएं। अंत में सजाने के लिए इसके ऊपर व्हिप्ड क्रीम डालें और ऊपर से थोड़ी कफी छिड़क दें। यह बनाने में बेहद आसान है और इसका स्वाद भी अच्छा है।

सबसे पहले एक पैन में पानी, दूध, चीनी और कोको पाउडर एक साथ डालकर उन्हें उबालें। इन्हें तब तक उबालें जब तक कि ये गाढ़ा न हो जाएं। अब इसमें चकलेट सस और वनीला एसेंस डालकर अच्टे से मिलाएं और पकने दें। इसके बाद इस मिश्रण को कप में डालें और फिर इसके ऊपर से व्हिप्ड क्रीम डालें। आप चाहें तो क्रीम के ऊपर थोड़ा कोको पाउडर भी डाल सकते हैं। अब हट चकलेट को गरमागरम सर्व करें।

बनाना स्प्लिट बनाना काफी आसान है और यह बच्चों के सेवन के लिए बेहतरीन डेजर्ट है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले केले को छील लें और फिर लंबाई में ही इसके दो टुकड़े कर दें। अब दोनों टुकड़ों को एक सर्विंग बाउल के किनारे रखें और बीच में अपनी पसंदीदा आइसक्रीम रखें। इसके बाद एक पाइपिंग कोन में व्हिप्ड क्रीम डालकर इसे आइसक्रीम के ऊपर लगाएं। अंत में इसे चकलेट सिरप और चेरी से सजाएं।

सबसे पहले ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। अब मैदा, बेकिंग पाउडर और नमक एक साथ मिलाकर अलग रख दें। इसके बाद फ्लफी होने तक क्रीम को अच्टे से दें टें। इसके बाद व्हिप्ड क्रीम में वनीला एक्सट्रेक्ट और चीनी मिलाएं और फिर मैदा वाला मिश्रण डालकर दोबारा मिला लें। अब इस मिश्रण को कपकेक मोल्ड्स में डालकर 15 से 20 मिनट तक बेक करें। बेक हो जाने के बाद इसे ऊपर से व्हिप्ड क्रीम से सजाकर सर्व करें।

# सफेद कद्दू को डाइट में करें शामिल, स्वास्थ्य को मिलेंगे कई लाभ



सफेद कद्दू इंग्लैंड में काफी लोकप्रिय है और वहां इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से सजावट के लिए किया जाता है। खासतौर से यह कद्दू हैलोवीन के लिए सजावट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सजावटी उद्देश्यों के रूप में इस्तेमाल किए जाने के अलावा सफेद कद्दू तरह-तरह की पाई और सूप सहित कई व्यंजनों का स्वाद बढ़ा सकता है, वहीं इसके सेवन से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि सफेद कद्दू कैसे स्वास्थ्यवर्धक है।

**तनाव कम करने में मददगार**

शरीर में ट्रिप्टोफैन की कमी तनाव पैदा करने के लिए जिम्मेदार होती है। ऐसे में सफेद कद्दू का सेवन करना अच्छा हो सकता है। सफेद कद्दू एल-ट्रिप्टोफैन से भरपूर होता है। यह रासायनिक यौगिक उदास मनोदशा को ठीक करने, खुशी और कल्याण की भावना प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस तरह से सफेद कद्दू तनाव को कम करने में मददगार साबित हो सकता है।

**हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक**

सफेद कद्दू में उच्च मात्रा में फाइटोस्टेरल होता है। यह यौगिक खराब कोलेस्ट्रल के स्तर को कम करके अच्टे कोलेस्ट्रल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। खराब कोलेस्ट्रल का अधिक स्तर ही कई हृदय रोग का कारण बन सकता है। ऐसे में इसके नियंत्रित रखना बेहद जरूरी होता है। इसके अतिरिक्त सफेद कद्दू ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी सहायक हो सकता है।

**आंखों के स्वास्थ्य के लिए भी है फायदेमंद**

सफेद कद्दू में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो आंखों को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने और मोतियाबिंद जैसी आंखों की बीमारियों का खतरा कम करने में मदद कर सकते हैं। इस कद्दू का नियमित रूप से सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें विटामिन- ए की भरपूर मात्रा होती है।

**प्रोस्टेट केंसर से सुरक्षित रखने में हो सकता है मददगार**

सफेद कद्दू और इसके बीजों में कैरोटेनयड्स और जिंक की उच्च मात्रा होती है, जो प्रोस्टेट केंसर से सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। ये यौगिक प्रोस्टेट के बढने के साथ-साथ इर्रिटेबल ब्लैडर की समस्याओं को बचाने में भी मदद करते हैं। सफेद कद्दू के बीजों का इस्तेमाल बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया के उपचार के लिए भी किया जा सकता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाने में है कारगर**

सफेद कद्दू विटामिन-ए, विटामिन-सी, मैग्नीशियम और पोटैशियम से भरपूर होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें कैल्शियम, फाइबर, आयरन, कपर और फ्लेवोनोइड्स की अधिक मात्रा भी मौजूद होती है, जो इसे संक्रमण से लडने वाले ऊतकों और कोशिकाओं के उचित विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस कारण सफेद कद्दू के विभिन्न व्यंजनों का सेवन करना अच्छा है।

# कद के अनुरूप कार्य

**मोदी ने बिना कुछ बोले देश में मां के इस सम्मान को नये सिरे से प्रतिस्थापित करने कोशिश की। जब मोदी ने श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया और बेटियों के साथ तस्वीरें शेयर करने की अपील की तब भी बड़ी आलोचना हुई। किंतु समाज में बेटियों के महव को नये सिरे से स्वीकारने में उस अभियान की बड़ी भूमिका रही है। कहा गया है कि अगर स्त्री न हो तो सृष्टि की रचना ही संभव नहीं होती। ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी सृष्टि की रचना नहीं कर सकते थे। किंतु यह कहावत पुस्तकों में सिमटी और हमारे समाज में स्त्रियां महवहीन होतीं गई। हमने देखा है कि माता-पिता को महव न दिए जाने के कारण भारत की परिवार परंपरा ध्वस्त हुई और इसका भयानक असर हुआ है। केवल कहने भर से कि संयुक्त परिवार की ओर लौटें यह संभव नहीं हो सकता। मां का अगर घर में सम्मान है तो नई पीढ़ी उसे देखकर अपने घर के बड़े बुजुगरे, मां-बाप, दादा-दादी सबका सम्मान करने लगती है।**



**अवधेश कुमार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन सौ वर्ष की भरपूर जिंद्गी जी कर विदा हुई हैं। इस कारण उनका जाना शोक में विह्वल होने का कारण नहीं हो सकता।

बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह कितनी बड़ी क्षति है। इसका अनुमान वही लगा सकते हैं, जिनका अपना निजी परिवार नहीं हो। ऐसा व्यक्तिचाहे जितना बड़ा हो मां के चले जाने के बाद उसके सामने स्पष्ट हो जाता है कि अब उसका अपना कोई नहीं।

गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक मोदी के मां के साथ समय बिताने पर दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि दोनों के बीच कितना गहरा लगाव था। भले मोदी जी के आंखों से आंसू टपकते नहीं दिखे हो पर अंतर्मन की वेदना कोई महसूस कर सकता है। हालांकि अपने चरित्र और संगठन के संस्कार के अनुरूप उन्होंने व्यवहार में इस वेदना को हावी नहीं होने दिया। बतौर प्रधानमंत्री अपने सारे कार्यक्रम पूर्ववत रखे। वह चाहते तो आसानी से कार्यक्रमों को टाल सकते थे। इस पर कोई टीका-टिप्पणी भी नहीं होती और अस्वाभाविक भी नहीं माना जाता, लेकिन नेता की पहचान ऐसे ही समय होती है। एक ओर मां की चिता को अग्नि देना और दूसरी ओर वर्चुअल तरीके से रेल को हरी झंडी दिखाने के साथ परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास। इस भूमिका ने प्रधानमंत्री के कद को और ज्यादा उठाया है।

वास्तव में मां हीराबेन के अस्पताल में भर्ती होने, मृत्यु, अंतिम संस्कार, मुखाग्नि से लेकर सरकारी कार्यक्रमों में भागीदारी में प्रधानमंत्री मोदी ने असीम संतुलन का परिचय दिया है। एक ओर पुत्र के रूप में मातृ ाण से मुक्ति की पूरी अंतिम क्रिया और दूसरी ओर देश के प्रति दायित्व का संपूर्ण निर्वहन। जब हीराबेन मोदी की मृत्यु की खबर आई तो हमारे आपके मन में धारणा यही थी कि बड़े तामझाम और भारी भीड़ में शव यात्रा निकलेगी, देश के नेताओं की लंबी कतार वहां श्रद्धांजलि के लिए होगी आदि आदि। किंतु पहले मोदी जी ने सब को संदेश दिया कि अपने अपने यहां रहे और सारे तय कार्यक्रमों को अंजाम दें। उन्हें इसका आभास था कि इतना संदेश देने के बावजूद अगर अंतिम क्रिया जल्दी न की गई तब भी काफी बड़ी संख्या में लोग आ जाएंगे। 3ः 30 बजे भोर में मृत्यु की सूचना मिली और प्रधानमंत्री 7रू30 में पहुंचे तथा परिवार एवं रिश्तेदारों की सीमित मंडली में अंतिम संस्कार किया। उच्च पदों पर कायम दूसरे नेताओं और शीर्ष व्यक्तित्व के लिए भी यह उदाहरण है।

वर्तमान राजनीति में शीर्ष पदों पर बैठे लोगों में ऐसे उदाहरण कम ही होंगे जब अपने माता-पिता या निकटतम संबंधी की अंतिम क्रिया को इतने सरल साधारण ढंग से पूरा किया गया हो। ऐसा शायद ही कोई व्यक्ति हो जिसका अपनी मां के साथ गहरा लगाव न हो। इस मायने में हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी का यदि अपनी मां के साथ इतना लगाव था तो इसमें विशेष कुछ भी नहीं। नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे। जाहिर है, उन्होंने परिवार का परित्याग किया और अघोषित रूप से प्रचारक संन्यस्त जीवन जीता है। वह भगवाधारी संन्यासी नहीं होता, लेकिन भाव यही रहता है कि संपूर्ण जीवन देश के लिए है जिसमें परिवार के उतना ही स्थान है जितना अन्य परिवारों के लिए। इस प्रकार के जीवन को निकट से देखने वाले लोग समझ सकते हैं की मोदी जी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए मां के साथ संबंधों का जिस तरह निर्वहन किया वह सामान्य बात नहीं है।

प्रधानमंत्री को मां के बीमार पडने की जैसे सूचना मिली वह स्वयं भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। वे नहीं भी जा सकते थे और दिल्ली से ही सारी जानकारी लेकर व्यवस्था कर सकते थे। आजकल ऐसा ही आमतौर पर किया जाता है। किंतु वहां जाकर उन्होंने जो संदेश दिया उसका लाखों लोगों के मन पर लंबे समय तक असर रहेगा और वह भी उन परिस्थितियों में ऐसा ही करेंगे। देश और समाज का काम करने वाले लोग भी ऐसा ही मानते हैं कि उनकी कोई दूसरी जिम्मेवारी नहीं लिस्ट अफ मोदी ने अपने व्यवहार से इस सोच को बदलने में भूमिका निभाई है। कहा गया है श्नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिरू। नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रपा॥ अर्थात मां के जैसा ना कोई छाया दे सकता है, न ही कोई आश्रय ही दे सकता है और मां के समान न ही कोई हमें सुरक्षा दे सकता है। मां इस पूरे ब्रह्मांड में जीवनदायिनी है और उसके जैसा कोई दूसरा नहीं है।

मोदी ने बिना कुछ बोले देश में मां के इस सम्मान को नये सिरे से प्रतिस्थापित करने कोशिश की। जब मोदी ने श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया और बेटियों के साथ तस्वीरें शेयर करने की अपील की तब भी बड़ी आलोचना हुई।

किंतु समाज में बेटियों के महव को नये सिरे से स्वीकारने में उस अभियान की बड़ी भूमिका रही है। कहा गया है कि अगर स्त्री न हो तो सृष्टि की रचना ही संभव नहीं होती। ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी सृष्टि की रचना नहीं कर सकते थे। किंतु यह कहावत पुस्तकों में सिमटी और हमारे समाज में स्त्रियां महवहीन होतीं गई। हमने देखा है कि माता-पिता को महव न दिए जाने के कारण भारत की परिवार परंपरा ध्वस्त हुई और इसका भयानक असर हुआ है। केवल कहने भर से कि संयुक्त परिवार की ओर लौटें यह संभव नहीं हो सकता। मां का अगर घर में सम्मान है तो नई पीढ़ी उसे देखकर अपने घर के बड़े बुजुगरे, मां-बाप, दादा-दादी सबका सम्मान करने लगती है। कारण, उन्होंने यही देखा। यह भाव धीरे-धीरे परिवारों से खत्म हो रहा था, इसलिए आने वाली पीढ़ी का भी अपने माता-पिता, दादा-दादी के साथ जुड़ाव नहीं होता था।

आठ वर्षो में नरेन्द्र मोदी ने मां के साथ व्यवहार की जो तस्वीरें हमारे सामने रखी उन्होंने सामूहिक रूप से भारत का मानस बदला है। लाखों की संख्या में नई पीढ़ी को घर के बड़े माता-पिता ही नहीं घर के बड़े बुजुगरे का सम्मान करने, उनके साथ भावनात्मक रूप से जुडने को प्रेरित किया है। जब मोदी मां का पैर धो कर उससे चरणामृत की तरह आंखों में लगा रहे थे तो क्या विरोधियों की तरह आम लोगों ने उसे नाटक माना? सच तो यह है कि इसे देखकर लाखों लोगों की हिचक दूर हुई। उन्हें लगा कि प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं उसे हमें भी करना चाहिए। हजारों शब्दो से बड़ा एक आचरण होता है। मां के संदर्भ में मोदी ने यही उदाहरण प्रस्तुत किया।

# नोटबंदी पर अपेक्षित फैसला

इस निर्णय से विपक्षी समूहों को यह सबक लेना चाहिए कि हर चीज को न्यायपालिका के दायरे में ले जाना सही रणनीति नहीं है। अगर ऐसा कभी रहा भी हो, तो आज के संदर्भ में इसका उलटा परिणाम ही होता है।

नरेंद्र मोदी सरकार के नोटबंदी के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने वही निर्णय दिया, जिसकी अपेक्षा थी। इस निर्णय से विपक्षी समूहों को यह सबक लेना चाहिए कि हर चीज को न्यायपालिका के दायरे में ले जाना सही रणनीति नहीं है। अगर ऐसा कभी रहा भी हो, तो आज के संदर्भ में इसका उलटा परिणाम ही होता है। जिस समय न्यायपालिका को रोज उसका दायरा बताने का अभियान चल रहा हो, सुप्रीम या किसी अन्य कोर्ट से कोई लैंडमार्क जजमेंट की अपेक्षा निराधार है। वैसे भी न्यायपालिका के पास विचारणीय मुद्दा सिर्फ यह था कि क्या वो फैसला कानून की कसौटी पर खरा उतरता है। पांच में चार जजों ने माना कि वो निर्णय कानून के अनुरूप था। जिस एक जज ने कहा कि वह फैसला लेते वक्त कानून की उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया, उन्होंने भी यह राय जताई कि इस कदम के पीटे नीयत अच्छी थी। इस तरह सत्ता पक्ष को एक ऐसा नैतिक तर्क मिल गया, जिससे वह नोटबंदी पर सवाल उठाने वाली आवाजों की वैधता को संदिग्ध बनाने का प्रयास करेगा।

दरअसल, नोटबंदी का निर्णय किस मकसद और किस नीयत से लिया गया, इसे जांचने-परखने का कोई साक्ष्य मौजूद होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में इस फैसले को परखने का पैमाना सिर्फ यह रह जाता हैं कि उसके घोषित मकसद किस हद तक हासिल हुए और उसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या परिणाम हुए। इन दो बिंदुओं पर नोटबंदी की विफलता और उसके विनाशकारी प्रभाव इतने जग-जाहिर हैं कि उस पर सत्ता पक्ष अक्सर चुप्पी साधने में ही अपनी भलाई समझता है। इस तरह अब तक की बहस में वह बचाव की मुद्रा में था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले ने उसे हमलावर होने का मौका दिया है। इसीलिए राजनीतिक दायरे की लड़ाई को न्यायिक दायरे में लडने के औचित्य पर अब विचार किए जाने की जरूरत है। यह गौर करने की बात है कि नोटबंदी को पलटना अब संभव नहीं है।

# यूपी में राहुल की यात्रा से हलचल



**ध्यान रहे राहुल और कांग्रेस पार्टी दोनों ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया था। उसके बाद पहली बार राहुल किसान आंदोलन का केंद्र रहे क्षेत्र से गुजरे, जहां किसानों ने उनका स्वागत और समर्थन किया। कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे हैरान करने वाला घटनाक्रम यह रहा है कि दो बड़े हिंदुवादी शख्सियतों ने उनकी यात्रा का समर्थन किया और उनको शुभकामना दी। पहले राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने चिा ी लिख कर राहुल की यात्रा का समर्थन किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामना दी। उसके बाद विश्व हिंदू परिषद के बड़े नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल गांधी का समर्थन किया और शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें कि उनकी यात्रा सफल हो। चंपत राय ने राहुल की यात्रा को देशहित में बताया।**

उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 48 घंटे से थोड़ा ज्यादा समय रही और उसके बाद हरियाणा में प्रवेश कर गई। तीन जनवरी की शाम को राहुल की यात्रा गाजियाबाद पहुंची थी और पांच जनवरी की शाम को हरियाणा पहुंच गई। लेकिन इन 48 घंटों में जितनी हलचल हुई और जितने तरह के राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं वैसा पूरे चार महीने की यात्रा में नहीं हुआ। किसी को अंदाजा नहीं था कि राहुल देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की सीमा को टूकर निकलेंगे और इतनी हलचल मच जाएगी। उत्तर प्रदेश के 75 जिले हैं, जिनमें से सिर्फ तीन जिलों में राहुल की यात्रा गई और 403 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 11 क्षेत्रों से गुजरी है।

लेकिन इतने भर से राहुल की यात्रा को पूरा महत्व मिला है और कांग्रेस नेता उम्मीद कर रहे हैं कि इसका मैसेज पूरे प्रदेश में जाएगा। प्रदेश की दोनों विपक्षी पार्टियों- सपा और बसपा ने कांग्रेस के न्योते पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। हालांकि दोनों पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल नहीं हुए लेकिन अखिलेश यादव और मायावती दोनों ने यात्रा के उद्देश्य की तारीफ की और शुभकामना दी। राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी सहयोगी सपा से अलग न सिर्फ शुभकामना संदेश दिया, बल्कि उसके नेता और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन के नेता और कार्यकर्ता भी राहुल के साथ यात्रा में जुड़े।

ध्यान रहे राहुल और कांग्रेस पार्टी दोनों ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया था। उसके बाद पहली बार राहुल किसान आंदोलन का केंद्र रहे क्षेत्र से गुजरे, जहां किसानों ने उनका स्वागत और समर्थन किया।

कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे हैरान करने वाला घटनाक्रम यह रहा है कि दो बड़े हिंदुवादी शख्सियतों ने उनकी यात्रा का समर्थन किया और उनको शुभकामना दी। पहले राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने चिा ी लिख कर राहुल की यात्रा का समर्थन किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामना दी। उसके बाद विश्व हिंदू परिषद के बड़े नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल गांधी का समर्थन किया और शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें कि उनकी यात्रा सफल हो। चंपत राय ने राहुल की यात्रा को देशहित में बताया।

सोचें, एक तरफ राहुल गांधी लगाकार राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ पर हमले कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर संघ के बड़े नेता ने उनका समर्थन किया। दूसरे, भारतीय जनता पार्टी के नेता सवाल उठा रहे हैं कि देश टूटा कहा हैं, जो राहुल गांधी देश जोडने की यात्रा कर रहे हैं। लेकिन आरएसएस और विहिप के बड़े पदाधिकारी ने उनकी भारत जोड़ो यात्रा को देशहित में बताया और प्रेम व सदभाव के लिए जरूरी बताया। जाहिर है आखिरी चरण तक आते आते राहुल गांधी की यात्रा असर छोडने लगी है।

# कलेजियम सिस्टम पर बहस

**न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर उच्चतम न्यायालय कालेजियम और सरकार के बीच गतिरोध को देखते हुए संसद की एक समिति ने कहा है कि वह केन्द्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग की टिप्पणियों से सहमत नहीं है कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्तियों का समय इंगित नहीं किया जा सकता । समिति ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों में उन समय सीमाओं का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे रिक्तियों को भरने में देरी हो रही है । कलेजियम की सिफारिशों पर अमल के लिए डेड लाईन न होने की वजह से सिफारिशों को लागू करने में कई बार देरी होती है तो कई बार केंद्र गजब की तेजी से उन पर अपनी सहमति देकर वापस लौटा देता है ।**

**अजय दीक्षित**

हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ समय से टकराव गहराता दिख रहा है, खघस तौर पर केन्द्रीय कानून मंत्री के उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कलेजियम सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाये हैं । कलेजियम सिस्टम वह प्रक्रिया है जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और तबादले किये जाते हैं । ताजा बहस तब शुरू हुई जब 25 नवम्बर को केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति करने की पूरी प्रक्रिया को ही संविधान से परे या एलियन बता दिया । केन्द्रीय कानून मंत्री ने याद दिलाने की कोशिश की कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी समझ और कोर्ट के ही आदेशों को आधार बनाते हुए कलेजियम बनाया है। केन्द्रीय कानून मंत्री की यह बात दुरुस्त है कि संविधान में कलेजियम का कहीं जिक्र नहीं है । कलेजियम भारत के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जजों का एक समूह है। ये पांच लोग मिलकर तय करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कौन जज होगा । ये नियुक्तियां हाईकोर्ट से की जाती हैं और सीधे तौर पर भी किसी अनुभवी वकील को भी हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया जा सकता है। हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति भी कलेजियम की सलाह से होती है जिसमें सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और राज्य के राज्यपाल शामिल होते हैं । कलेजियम बहुत पुराना सिस्टम नहीं है और इसके अस्तित्व में आने के लिए सुप्रीम कोर्ट के तीन फैसले जिम्मेदार हैं जिन्हें जजेस केस के नाम से जाना जाता है । सरकार और न्यायपालिका के बीच तनातनी की शुरुआत साल 2014 से हुई। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब देश में एनडीए सरकार बनी तो केंद्र सरकार साल 2014 में ही संविधान में 99वां संशोधन करके नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) अधिनियम लेकर आई। इसमें सरकार ने कहा कि चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कलेजियम की जगह अब एनजेएसी के प्रावधानों के तहत काम हो । अक्टूबर 2015 को सुप्रीम कोर्ट ने इस नेशनल ज्युडिशियल अप्वाइंटमेंट्स कमीशन अधिनियम को संविधान के आधारभूत ढांचे से




टेड़छाड़ बताते हुए रद्द कर दिया । कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में संविधान में न्यायपालिका और चीफ जस्टिस की राय को तरजीह देने की बात कही गई है और सरकार का इस तरह का दखल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है । न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर उच्चतम न्यायालय कालेजियम और सरकार के बीच गतिरोध को देखते हुए संसद की एक समिति ने कहा है कि वह केन्द्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग की टिप्पणियों से सहमत नहीं है कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्तियों का समय इंगित नहीं किया जा सकता । समिति ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों में उन समय सीमाओं का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे रिक्तियों को भरने में देरी हो रही है । कलेजियम की सिफारिशों पर अमल के लिए डेड लाईन न होने की वजह से सिफारिशों को लागू करने में कई बार देरी होती है तो कई बार केंद्र गजब की तेजी से उन पर अपनी सहमति देकर वापस लौटा देता है । कलेजियम की जिस सिफारिश पर केंद्र ने सबसे ज्यादा देरी से अमल किया वो जस्टिस केएम जोसेफ को लेकर है। कलेजियम की सिफारिश के तकरीबन सात माह बाद उनकी नियुक्ति पर केन्द्र ने मुहर लगाई थी । जस्टिस इन्दू महरोत्रा के साथ उनके नाम की सिफफरिश 11 जनवरी 2018 को की गई थी । लेकिन इन्दू महरोत्रा की फाईल तो तुरंत अप्रूव हो गई अलबत्ता जोसेफ को नियुक्ति के लिए तकरीबन सात माह तक इंतजार करना पड़ा । केन्द्र की तरफ से अप्रैल में उनकी फाईल वापस लौटा दी गई थी । लेकिन जब बार ने तीखा विरोध जताया तो जुलाई में उनकी फाईल पर केंद्र ने मुहर लगाई थी । इसी तरह जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जेबी परदीवाला के लिए भी कलेजियम की फाईल दो दिनों में ही मंजूर कर ली गई । कलेजियम ने 26 अगस्त 2021 को सबसे ज्यादा नौ नियुक्तियों की सिफारिश की थी। इन मामलों को नौ दिनों में ही मंजूर कर लिया गया । ऐसे ही कई मामले हैं जहां केन्द्र ने ज्यादा हीलाहवाली न करते हुए कलेजियम की सिफारिशों को कुछ दिनों के भीतर ही मंजूर कर लिया । मुद्दा बेशक केन्द्र और सुप्रीम कोर्ट के क्षेत्राधिकारों का हो किन्तु इसमें पिस आम लोग रहे हैं जिन्हें शीघ्र न्याय की दरकार है । न्याय मिलने में देरी न्याय नहीं मिलने के समान है । इस न्यायिक सिद्धान्त की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं । केंद्र सरकार अपनी हठधर्मिता पर कायम है कि न्यायधीशों की नियुक्ति उसके बनाए कानून से हो, उधर सुप्रीम कोर्ट कलेजियम प्रणाली से नियुक्ति पर अड़ा हुआ है । देश के दो प्रमुख संवैधानिक स्तम्भों में खुलेआम चल रही रस्साकशी का खामियाजा फरियादियों को भुगतना पड़ रहा है ।

## एएमएल का दावा, धीमा जहर देकर इमरान खान को मारने की कोशिश की जा रही

**रावलपिंडी , एजेंसी।** अवामी मुस्लिम लीग (एएमएल) के प्रमुख शेख राशिद अहमद ने आरोप लगाया है कि पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पीटीआई प्रमुख इमरान खान को श्धीमा जहर देकर मारने की कोशिश कर रही है, मीडिया को यह जानकारी दी गई है। उन्होंने पीडीएम नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा- उन्होंने इमरान खान को मारने की साजिश रची- पहले उन्होंने (सरकार) कहा कि इमरान खान को गोलियां नहीं लगीं, फिर क्या आपके पिता के पटाखे लगे?

राशिद ने रावलपिंडी में अपने लाल हवेली आवास के बाहर मुद्रास्फीति विरोधी विरोध रैली को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। अब वह धीमे जहर के जरिए इमरान खान को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं क्योंकि वह उनके खिलाफ चुनाव नहीं लडना चाहते।

एक दिन पहले, पीटीआई प्रमुख इमरान ने आरोप लगाया कि 3 नवंबर को वजीराबाद में बंदूक हमला वास्तव में उनकी हत्या करने की साजिश थी, जैसे 11 साल पहले इस्लामाबाद में पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या हुई थी। 3 नवंबर को गुजरात जिले के वजीराबाद शहर में, इस्लामाबाद की ओर सरकार विरोधी लंबे मार्च का नेतृत्व करते समय गोलियां चलाई गईं, जिसमें इमरान घायल हो गए थे। इमरान के पैर में गोली लगी थी।

## अमेरिका ने की यूक्रेन को नई सैन्य सहायता में 3.75 बिलियन डॉलर से अधिक की घोषणा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने यूक्रेन को नई सैन्य सहायता में 3.75 अरब डलर से अधिक की घोषणा की है। जो युद्धग्रस्त देश के लिए वाशिंगटन की अब तक की सबसे बड़ी मदद है। जारी एक बयान में विभाग ने कहा कि नई सहायता में रक्षा विभाग के शेयरों से 285 अरब डलर की निकासी शामिल है, जो यूक्रेन को तुरंत प्रदान की जाएगी और 225 मिलियन डलर की विदेशी सैन्य वित्तपोषण लंबी अवधि की क्षमता बनाने और यूक्रेन की सेना के आधुनिकीकरण के लिए है। बयान में कहा गया है कि इसमें यूरोपीय साझेदारों और सहयोगियों के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण में 682 मिलियन डलर भी शामिल हैं, जो यूक्रेन को सैन्य उपकरणों को प्रदान करने को प्रोत्साहित करने और बैकफिल करने में मदद करेगा।

## बिहार में जाति और आर्थिक गणना का काम शुरू

**बिहार (एजेंसी)।** आधिकारिक सूत्रों की जानकारी के अनुसार बिहार में जाति और आर्थिक गणना का काम दो चरणों में करवाया जाएगा। पहले चरण का काम 7जनवरी से 21 जनवरी तक किया जाएगा,जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। उसके बाद जाति आधारित गणना और आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण का काम होगा। दूसरे चरण का काम 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगा,इस काम के लिए करीब 500 करोड़ रूपए खर्च होंगे। यह राशि बिहार आकस्मिकता निधि से दिया जाएगा।

## अहमदाबाद में 7 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा हादसा हुआ है। अहमदाबाद के शाहीबाग इलाके में एक इमारत की 7वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई इमारत में आग लगने से एक बच्ची की जलकर मौत हो गई है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर आग बुझाने में जुटी हुई हैं, लेकिन अभी तक आग को बुझाया नहीं जा सका है। वहीं अभी तक यह भी नहीं पता चल पाया है कि इमारत में कितने लोग फंसे हुए हैं।

# लाशों से पटी चीन की सड़कें, अगले 40 दिन में 200 करोड़ लोग करेंगे यात्रा, और बिगड़ सकती है स्थिति

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में कोरोना संक्रमण अपने चरम पर है। यहां की आबादी का एक बड़ा हिस्सा संक्रमित हो चुका है। अस्पतालों में बेड और डक्टरों की भारी कमी है। चीन भले ही अपने यहां के आंकड़ों को टुपा रहा हो, लेकिन दुनिया वहां पर कोरोना का कोहराम देख रही है, लेकिन ताजा हालातों को देखकर कहा जा सकता है कि चीन में हालात और बिगड़ने वाले हैं।

दरअसल, शनिवार से चीन का श्लूना न्यू ईयरश शुरू हो चुका है। इसे 40 दिन का दुनिया का सबसे बड़ा विस्थापन कहा जाता है। दरअसल, यहां इस अवधि में बड़ी संख्या में लोग एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। 21 जनवरी से इसको लेकर आधिकारी टुट्टियां शुरू हो रही हैं। 2020 के बाद ऐसा पहली बार है कि चीन में बिना यात्रा प्रतिबंधों के लूना न्यू ईयर मनाया जाएगा। बता दें, 2020 से चीन में लागू जीरो कोविड पलिसी को खत्म कर दिया गया था और लोगों पर से प्रतिबंध भी हटा लिए गए थे। साथ ही चीन ने कोरोना संक्रमण के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अपनी सीमाएं भी खोल दी है।

चीन के परिवहन मंत्रालय के एक अनुमान के मुताबिक, अगले 40 दिनों में 200 करोड़ से अधिक लोगों के यात्रा करने का अनुमान है। बता दें, चीन में इस तरह की यात्राएं आमतौर पर नए साल के दिन से 15 दिन पहले शुरू होती हैं और लगभग 40 दिनों तक चलती हैं। ऐसे में संक्रमण और अधिक बढ़ने की आशंका है।

चीन के वर्तमान हालात इतने खराब हैं कि यहां सरकार लोगों के अंतिम संस्कार तक की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। ट्विटर पर शेयर किए जा रहे वीडियो में सड़कों पर अस्थायी दाह संस्कार दिख रहे हैं। एक सड़क पर एक शव के चारों ओर लोग दिख रहे हैं, जिसके बाद उसमें आग लगा दी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में अंतिम संस्कार के लिए काफी



लंबी लाइनें हैं। लोगों को बस दस मिनट का ही समय दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि यहां के अंतिम संस्कार स्थलों पर सामान्य से पांच गुना शव पहुंच रहे हैं।

चीनी सरकार ने शनिवार को कोरोनो वायरस से संबंधित घटनाओं के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने का आदेश दिया है। बता दें, चीन रविवार को 12 बजे से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रतिबंध को समाप्त कर देगा। इससे एक दिन पहले कोरोना बंदियों को रिहा करने का आदेश जारी किया गया है।

बीजिंग के चेन नामक व्यक्ति की मानें तो चीन में कोविड के इलाज का बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि पिछले माह उनके 85 साल के पिता कोविड संक्रमित हुए तो उन्हें न एंबुलेंस मिली न डक्टर। जैसे तैसे उन्हें चायोयांग अस्पताल लेकर गए तो कहा गया कि वे या तो दूसरे अस्पताल जाएं या पिता को गलियारे में आईवी ड्रिप लगवाकर बैठ जाएं। वहां न बेड मिले, न श्वसन में सहायक मशीन और न अन्य मेडिकल उपकरण। हालांकि, विशेष संपर्को के जरिए उनके पिता को दूसरे अस्पताल में जगह मिल गई, लेकिन तब तक उन्हें फेफड़े में गंभीर संक्रमण फैल चुका था, वह जैसे तैसे बचे हैं।

## विमान में बम की सूचना से अफरा-तफरी, करवाई आपात लैंडिंग- क्रू मेंबर समेत 142 यात्री थे सवार

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में एक विमान को उस समय आनन-फानन में लैंड करवाया गया जब एक अंतरराष्ट्रीय कलर ने विमान में बम रखने की सूचना दी। जापान प्रसारण निगम एनएचके ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि विमान शनिवार को टोक्यो के नरीता हवाईअड्डे से फुकुओका जा रहा था और इसी दौरान किसी शख्स ने विमान में बम रखने की सूचना दे दी। बम की सूचना मिलने के बाद विमान में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। इसके बाद विमान को चुबु हवाईअड्डे की ओर मोड़ दिया गया। इसके बाद सभी 136 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को बाहर निकाल लिया गया। वहीं एनएचके ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि आरोपी व्यक्ति ने विमान के कार्गो होल्ड में 100 किलोग्राम (220 पाउंड) प्लास्टिक विस्फोटक रखने का दावा किया और प्रबंधक से बात करने की मांग की। शख्स ने कहा कि अगर प्रबंधक से बात नहीं कराई गई तो वह उन्हें विस्फोट कर देगा।

## अमेरिका में डेमोक्रेटिक अधिकारियों के घरों व दफ्तरों पर फायरिंग

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के सबसे बड़े शहर अल्बुकर्क में एक महीने में पांच स्थानीय डेमोक्रेटिक निर्वाचित अधिकारियों के घरों या कार्यालयों को पर फायरिंग की गई। अल्बुकर्क के मेयर टिम केलर ने अल्बुकर्क पुलिस विभाग के फेसबुक लाइवस्ट्रीम के माध्यम से एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह संभवतरू राजनीतिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से प्रेरित है, लेकिन हम वास्तव में नहीं जानते हैं। अधिकारियों के घरों या कार्यालयों के दरवाजों और दीवारों पर कई राउंड फायरिंग की गई। कुछ मामलों में जब अधिकारी अपने परिवारों के साथ अंदर थे। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। एफबीआई राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मामले की जांच कर रही है। अल्बुकर्क पुलिस विभाग के अनुसार पहली फायरिंग 4 दिसंबर, 2022 को बर्निलिलो काउंटी के कमिश्नर एड्रियन बारबोआ के घर पर हुई थी। उनके घर पर किसी ने आठ राउंड फायरिंग की।

10 दिसंबर को न्यू मैक्सिको अटर्नी जनरल राउल टोरेज के पूर्व अभियान कार्यालय के क्षेत्र में कई गोलियों का पता लगाया, जहां अटर्नी जनरल अपने नवंबर के चुनाव के बाद पहले ही बाहर चले गए थे। एक दिन बाद तत्कालीन बर्नालिलो आयुक्त डेबी ओमाल्ली के घर पर आग लग गई। दीवारों और घर पर एक दर्जन से अधिक गोलियों के निशान पाए गए हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में राज्य सीनेटर लिंडा लोपेज के घर पर आधी रात के बाद कम से कम आठ शट मारे गए थे। गुरुवार की सुबह पुलिस ने शहर के कानून कार्यालय के क्षेत्र में सुनी गई गोलियों की एक रिपोर्ट का जवाब दिया, जहां राज्य के सीनेटर मो मेस्टास काम करते हैं। एक ही स्थान पर तीन शट दागे गए, हालांकि अधिकारियों को इमारत को कोई नुकसान नहीं हुआ। अल्बुकर्क के पुलिस प्रमुख हेरोल्ड मदीना ने गुरुवार दोपहर समाचार सम्मेलन में कहा, राहत की बात है कि कोई भी घायल नहीं हुआ है।

## कर्नाटक में पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी कांग्रेस नेता का बेटा निकला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकियों में से एक कांग्रेस नेता का बेटा निकला और कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस घटनाक्रम से चुनावी राज्य में राजनीतिक तूफान आने की संभावना है। रीशान, एनआईए द्वारा की गई छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए छह लोगों में से एक है।

यह छापेमारी राज्य में आईएसआईएस नेटवर्क से जुड़े एक मामले के सिलसिले में की गई। राज्य में आतंकवाद से जुड़े कई मामलों की जांच कर रही एनआईए राज्य में आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल नेटवर्क की जड़ों की जांच कर रही है। रीशान की कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार और विपक्ष के नेता सिद्धारमैया के साथ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। उडुपी से भाजपा विधायक रघुपति भट ने कहा कि एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से एक रीशान उडुपी जिले के ब्रह्मवर ब्लक कांग्रेस महासचिव ताजुद्दीन का बेटा है। उन्होंने कहा- उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है। जांच में परेशान करने वाली जानकारी सामने आ रही है। मैं सरकार और एनआईए से जांच तेज करने की मांग करता हूं। विशेष रूप से तटीय क्षेत्र में, जहां ऐसे कई व्यक्तियों के विघटनकारी गतिविधियों में लिप्त होने का संदेह है। भट ने जोर देकर कहा- मैं कांग्रेस पार्टी से सवाल करना चाहता हूं .ताजुद्दीन कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं है। वह ब्लक कांग्रेस महासचिव हैं। वह पार्टी की गतिविधियों में सबसे आगे रहते हैं.वह विपक्ष के नेता सिद्धारमैया, शिवकुमार के करीबी हैं और वह उल्लाल कांग्रेस विधायक यूटी खादर के बहुत करीबी हैं।

## बीएसएफ ने पंजाब में पाक सीमा के पास से बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब के अमृतसर जिले से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो श्अनजाने में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पहुंच गया, उसके कब्जे से कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ। बीएसएफ ने कहा, 5 जनवरी की देर रात, रोरांवाला खुर्द गांव के पास तैनात बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ की ओर आ रहे एक नागरिक की हरकत को देखा। जवानों ने उस व्यक्ति को रोका और पूछताछ करने पर पता चला कि वह व्यक्ति बांग्लादेश का नागरिक है। इसके अलावा, पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम मदारीपुर के 62 वर्षीय महमूद आलम तुलु के रूप में बताया, जो अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान की यात्रा के लिए भारत आया था। उसके पास भारत में यात्रा करने के लिए छह महीने के वीजा के साथ बांग्लादेश का पासपोर्ट था।

# पेशाब कांड के बाद एयर इंडिया सतर्क, उड़ान के दौरान शराब परोसने की नीति की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर इंडिया की पेरिस-नई दिल्ली उड़ान के दौरान महिला यात्री पर पेशाब करने की घटना पर इस एयरलाइन ने उड़ान के दौरान शराब परोसे जाने की नीति में समीक्षा करने की बात कही है। एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैम्पबेल विल्सन ने इस पूरे घटनाक्रम में पहली बार विस्तार से बयान जारी करते हुए ना सिर्फ खेद जताया है और माफी मांगी है बल्कि आगे किसी यात्री के किसी त्य से होने वाली परेशानियों से निबटने के लिए पांच कदम उठाने का ऐलान किया है।

विल्सन ने यह भी बताया है कि उड़ान संख्या एआई-102 में उक्त घटनाक्रम का पता चलने के तुरंत बाद उस सेवा में शामिल क्रू के सभी चार सदस्यों और एक पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और उन्हें




रोस्टर से तत्काल हटा दिया गया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या किसी दूसरे कर्मचारियों की भी गलती है या नहीं।

विल्सन ने कहा कि ग्राहकों को हमारे विमान में उनके सह-यात्रियों के निंदनीय त्य के कारण नुकसान उठाना पड़ता है। हम ऐसे त्यों पर खेद और दुख प्रकट करते हैं। ऐसे त्यों के खिलाफ कार्रवाई करने को एयर इंडिया प्रतिबद्ध है।

उन्होंने भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक के लिए पांच कदम उठाने की जानकारी दी गई है। पहला कदम, घटनाओं और अनियंत्रित यात्रियों से निपटने संबंधी नीतियों में बदलाव करना और प्रभावित यात्रियों की सहानुभूतिपूर्वक सहायता के लिए चालक दल को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करना। दूसरा, उड़ान में शराब की सेवा पर एयरलाइन नीति की समीक्षा करना। तीसरा, आतंरिक समिति की बैठक को लेकर डीजीसीए के निर्देश के मुताबिक बदलाव करना, विमान के चालक व वरिष्ठ क्रू सदस्य को आईपैड उपलब्ध कराना ताकि वह इस तरह की घटनाओं को शीघ्रता से दर्ज करा सकें और समयबद्ध तरीके से निर्णय किये जा सके। एयर इंडिया इस संदर्भ में नया सफ्टवेयर भी लगा रही है। इससे घटनाओं को कागजों में दर्ज कराने की पुरानी व समय लगने वाली प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा है कि एयर इंडिया प्रभावित यात्रियों की लगातार सहायात करता रहा है और उनका हित सुनिश्चित करता रहा है। उपरोक्तघटनाक्रम के बारे में भी कंपनी का दावा है कि उसने 27 नवंबर को शिकायत प्राप्त करने के बाद लगातार प्रभावित यात्री के साथ पत्राचार किया और पीडिघ्ता के टिकट के पैसे भी वापस किये जिसकी प्राप्ति की पुष्टि भी 16 दिसंबर, 2022 को हुई थी।

# ट्रेन में टूटे बच्चे के पसंदीदा खिलौने को रेलवे अधिकारियों ने घर जाकर लौटाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक बच्चा अपना पसंदीदा खिलौना ट्रेन में छोड़ गया तो रेलवे ने 20 किलोमिटर दूर उसके घर जाकर खिलौना लौटाया। ट्रेन में अक्सर सफर करने को लेकर यात्रियों को हुई मुश्किलों, चोरी, मारपीट के किस्से सुनने को मिलते हैं, लेकिन रेलवे अपने मानवीय पहलुओं से जुड़े काम को करने में भी पीटे नहीं है। भारतीय रेलवे के अधिकारियों ने 19 माह के एक बच्चे को उसका पसंदीदा खोए हुए खिलौने को वापस कर उसकी खुशियों को दोगुना कर दिया। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को भारतीय रेलवे के 139 हेल्पलाइन नंबर के जरिए भुसीन पटनायक नाम के एक यात्री ने शिकायत दर्ज कराई थी। यात्री ने रेलवे को जानकारी दी की वह सिकंदराबाद-अगरतला स्पेशल ट्रेन (07030) के बी-2 कोच में सफर कर रहे थे। इस दौरान एक सहयात्री परिवार के बच्चे के पास एक खिलौना था और वह उससे खेल रहा था, लेकिन उतरते समय परिजन खिलौना साथ ले जाना भूल गए। उसी यात्री ने रेलवे अधिकारियों से ये अनुरोध भी किया कि क्या वे मदद कर सकते हैं! और इसे बच्चे को वापस कर सकते हैं, लेकिन पटनायक के पास अपने सहयात्रियों के पते या संपर्क करने का कोई तरीका नहीं था।

उनके अनुरोध के बाद रेलवे के अधिकारियों ने तब ट्रेन के लाइव स्थान का पता लगाया और यात्री से खिलौना लेने के लिए न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पहुंचे। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि परिवार के संपर्क विवरण का पता लगाना एक मुश्किल काम था, क्योंकि टिकट को सिकंदराबाद के आरक्षण काउंटर से खरीदा गया था।

इस काम को करने के लिए एक टीम को आरक्षण की मांग के लिए भरी गई आरक्षण पर्ची की पहचान करने का काम सौंपा गया और खोजबीन के बाद पर्ची मिली, जिसके आधार पर परिवार के संपर्क किया गया।

आरक्षण चार्ट के माध्यम से पता लगाया गया कि खिलौना खोने वाले यात्रियों के नाम मोहित रजा और नसरीन बेगम हैं। परिवार पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के काजी गांव में रहता है, जोकि अलुआबारी रेलवे स्टेशन से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर हैं।

इसके बाद रेलवे अधिकारियों की एक टीम बच्चे के घर पहुंची और बच्चे को खिलौना लौटाया गया। बच्चे के पिता ने इस तरह की पहल के लिए रेलवे का आभार भी जताया। बच्चे के परिवार ने अधिकारियों को बताया कि खिलौना उनके बच्चे को बहुत पसंद था, लेकिन वे इसे ट्रेन में भूल गए और ये सोच कर शिकायत दर्ज नहीं करवाई कि एक खिलौने के लिए कोई प्रयास नहीं करेगा।

## ब्रज के गुमनाम धार्मिक तीर्थ स्थलों के विकास में जुटी सरकार

मथुरा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार के एजेंडे में धार्मिक पर्यटन का कायाकल्प शामिल है। इसीलिए गुमनामी के अंधेरों में कहीं खो से चुके ब्रज के धार्मिक तीर्थ स्थलों को यूपी सरकार फिर से जीवंत करने में लगी हुई है। इसके लिए तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही हैं। काशी और अयोध्या की तरह ही मथुरा में भी पग-पग पर तीर्थ स्थल पाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जिनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इनमें से ही एक ताज बीबी और रसखान का समाधि स्थल है। यह दोनों ही भगवान श्री ष्ण के ऐसे अनन्य भक्तों में से एक हैं, जो मुस्लिम समुदाय से होते हुए भी भगवान श्रीष्ण को मानते हैं।

## मैक्सिको में ड्रग सरगना की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा में 29 की मौत

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिकन ड्रग कार्टेल के सरगना ओविडियो गुजमैन की गिरफ्तारी के बाद देश के सिनालोआ राज्य में हिंसक अराजकता के एक दिन में गिरोह के 19 संदिग्ध सदस्य और 10 सैन्यकर्मी मारे गए। मैक्सिकन रक्षा मंत्रालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने गुरुवार की तड़के जेल में बंद किंगपिन जोआक्विन श्एल चापो गुजमैन के 32 वर्षीय बेटे ओविडियो गुजमैन को पकड़ लिया। इससे अशांति फैल गई और गिरोह के सदस्यों व सुरक्षा बलों के बीच घंटों गोलीबारी हुई। कुलियाकन शहर में झड़पों, सड़क ब्लकों और वाहनों में आग लगने के बीच विशेष बल का अभियान चलाया गया। इससे शहर सुबह से ही पंगु हो गया और सिनालोआ के गवर्नर रूबेन रोचा मोया ने निवासियों से घरों के अंदर रहने का आग्रह किया।

## बीजेडी ने गरीबों के लिए पीएमजीकेएवाई को जारी रखने की मांग की

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल (बीजद) ने केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल का वितरण जारी रखने का आग्रह किया। बीजद ने यह मांग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफ एसए) के तहत एक साल के लिए केंद्र द्वारा सभी लाभार्थियों को मुफ्त चावल के वितरण के मद्देनजर उठाई है।

बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा ने प्रेस कन्फ्रेंस आयोजित करते हुए कहा कि, ओडिशा के 325 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 10 किलो चावल (एनएफ एसए के तहत 5 किलो और पीएमजीकेएवाई के तहत 5 किलो) प्रदान किया जा रहा है। हालांकि, केंद्र ने अब पीएमजीकेएवाई पर रोक लगा दी है। केंद्र द्वारा पीएमजीकेएवाई के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो मुफ्त चावल बंद करने से गरीबों और किसानों पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत घरों और परिवारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

पात्रा ने पूछा- कोविड-19 महामारी और सारी बचत समाप्त हो जाने के बाद, गरीबों को लंबे समय तक पीएमजीकेएवाई सहायता की आवश्यकता है। इसे रोकने से उन पर और उनके परिवारों पर भारी बोझ पड़ेगा। केंद्र गरीबों की खाद्य सुरक्षा में कमी क्यों कर रहा है?। बीजेडी नेता ने कहा, केंद्र द्वारा पीएमजीकेएवाई को रोके जाने से अब ओडिशा के किसानों के सामने गंभीर चुनौती है।

## बसपा नेता याकूब कुरैशी गिरफ्तार

**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ पुलिस ने बीएसपी नेता और पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी और उनके बेटे को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

पुलिस को काफी समय से दोनों की तलाश थी साथ ही दोनों पर पुलिस ने 50-50 हजार रुपए इनाम भी घोषित कर रखा था। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र दिल्ली के चांदनी चौक में अपने रिश्तेदार के यहां पर छिपे थे। दोनों को पुलिस दिल्ली से मेरठ लेकर आ रही है।

# उत्तर भारत में घने कोहरे का कहर, 290 ट्रेनें कैंसल, दिल्ली में तो अब बर्फबारी ही बाकी!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। ठंड लगातार रिकर्ड तोड़ रही है। लोगों की आज सुबह की शुरुआत भी हाड़ कंपा देने वाली ठंड और घने कुहासे के साथ हुई। दिल्ली रिज पर तो न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक जा गिरा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री जा पहुंचा।

हालांकि आगामी दिनों में राहत की उम्मीद जताई है। लेकिन, फिलहाल दिल्ली एनसीआर, यूपी, बिहार, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के मैदानी इलाकों में भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह और शाम के वक्त बाहर निकलना किसी जंग से कम नहीं लग रहा। मौसम की मार का अंदाजा इसी बात से लगा लीजिए कि शिमला और नैनीताल जैसे महासर्द इलाकों से भी ज्यादा ठंड दिल्ली में पड़ रही है।

मौसम की मार का असर रेलवे पर भी पड़ रहा है। 290 ट्रेनें कैंसल हो गई हैं और 38 ट्रेन देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि शनिवार को उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली और एनसीआर में बादल छा सकते हैं। रविवार से कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की संभावना है। इस बीच घुप कोहरे की मार का असर रेलवे पर भी पड़ रहा है। रेलवे की सरकारी वेबसाइट के मुताबिक, 290 ट्रेनें कैंसल हो गई हैं, जबकि 38 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस, सहरसा-नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस, रीवा-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस, एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-नई दिल्ली तमिलनाडु एक्सप्रेस और हैदरबाद डेक्कन नामपल्ली- नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस 1रू30 घंटे तक की देरी से चल रही हैं। वहीं दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस, अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस, राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, जयनगर-अमृतसर क्लोन स्पेशल, विशाखापत्तनम-नई दिल्ली आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस, हैदराबाद डेक्कन नामपल्ली-हजरत निजामुद्दीन दक्षिण सुपरफास्ट एक्सप्रेस और ड. अंबेडकर नगर- श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ढाई घंटे की देरी से चल रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस और बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल 3रू30 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं उत्तर रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, देवेल्ली से मुजफ्फरपुर, कोयंबटूर से पटेलनगर, वरधा से बलहारसन जाने वाली, अमरावती से वर्धा आने-जाने वाली, पठानकोट से ज्वालामुखी और जोगिंदर नगर जाने और आने वाली, धुरी से बठिंडा आने-जाने वाली, लखनऊ से वीरंगना एक्सप्रेस समेत 290 ट्रेनें कैंसल हो गई हैं।

# पहले झुकाया सिर, फिर हेलमेट को चुमा',टी–20 करियर का तीसरा शतक जड़कर सूर्या ने खास अंदाज में मनाया जश्न




\नई दिल्ली, भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी–20 मैच में शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 45 गेंदों का सामना करते हुए दमदार शतकीय पारी खेली, जो कि उनके टी–20 करियर का तीसरा शतक भी रहा। उनके शतक का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो अपने तूफानी शतक के बाद खास अंदाज में सेलिब्रेट करते हुए नजर आए।

**तूफानी शतक जड़कर खास अंदाज में किया सेलिब्रेट**

टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने श्रींलका के खिलाफ तीसरे टी–20 मैच में दमदार शतक जड़ा और 51 गेंदों का सामना करते हुए 219.61 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए। इस शतक के बाद उन्होंने खास अंदाज में सेलिब्रेट किया।

वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि सूर्या के चेहरे पर शतक जड़ने के बाद एक अलग चमक नजर आई। इस दौरान उन्होंने हवा में अपना बल्ला लहराया और पहले फैंस के आगे सिर झुकाया, फिर अपना हेलमेट चुमा। इतना ही नहीं इस दौरान डगआउट में बैठी पूरी टीम ने जोरदार तालियों से उन्हें चीयर किया। अक्षर पटेल ने भी नॉन स्ट्राइक एंड से उनकी तरफ आकर उन्हें गले लगाया और उन्हें बधाई दी।

मैक्सवेल और कॉलिन के रिकॉर्ड की बराबरी

टी–20 क्रिकेट में अपना तीसरा शतक जड़ने के साथ सूर्या ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो की बराबरी कर ली है। ये दोनों बल्लेबाजों ने अंतर्राष्ट्रीय टी–20 क्रिकेट में तीन शतक जड़े है। बता दें कि सूर्या ने भारत के लिए पहला टी–20 जुलाई 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ जड़ा था।उसके बाद नवंबर 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 51 गेंदों पर 111 रन बनाए। अब उन्होंन श्रीलंका के खिलाफ दमदार शतक जड़कर टी–20 करियर का तीसरा शतक जड़ा दिया। इसके साथ ही बता दें रोहित शर्मा ने रोहित शर्मा ने टी–20 करियर में अब तक 4 शतक जड़े है, वहीं एस दविजी ने 3 शतक जड़े।




## दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने दिया ओपन चैलेंज, भारतीय लेग स्पिनर ने दिया मजेदार जवाब

नई दिल्ली, साउथ अफ्रीका टी–20 लीग का आगाज 10 जनवरी से होने वाला है। जिसमें साउथ अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी भी भाग ले रहे है। इसी बीच हाल ही में तबरेज शम्सी का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे उनकी टीम पार्ल रॉयल्स ने शेयर किया है। बता दें कि राजस्थान रॉयल्स से तालुल्क रखने वाली पार्ल रॉयल्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें शम्सी टीम इंडिया के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को ओपन चैलेंज दे रहे है। दरअसल, सोशल मीडिया पर पॉर्ल रॉयल्स टीम ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें साउथ अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी नजर आ रहे है। बता दें कि वायरल वीडियो में शम्सी युजवेंद्र चहल को ओपन चैलेंज देते हुए कह रहे है कि, "हैलो युजी, मैं साउथ अफ्रीका का ऑलराउंडर तबरेज शम्सी बोल रहा हूं, आप मेरे से अच्छी बल्लेबाजी कभी भी नहीं कर सकते हो"। उनके इस पोस्ट के बाद फैंस तेजी से कमेंट्स कर रहे है, कुछ फैंस का कहना है कि युजी भाई आप भी इनसे बदला जरूर लेना, तो वहीं कुछ फैंस हंसने वाले इमोजी शेयर कर रहे है।

# फरवरी में होगी महिला आईपीएल के पहले सीजन की नीलामी




नई दिल्ली, आईपीएल के तर्ज पर महिला खिलाड़ियों का पहली बार आयोजन बीसीसीआई द्वारा फरवरी के महीने में होगा। जिसमें कुल पांच टीमें शामिल होंगी। बता दें कि ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो की रिपोर्ट के अनुसार ये जानकारी मिली है कि महिला आईपीएल के पहले सीजन के लिए टीम का चयन खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए होगा। भारतीय खिलाड़ियों के लिए नीलामी के लिए रेजिस्ट्रेशन करने की समय सीमा दी गई है।

**फरवरी में होगा महिला आईपीएल के पहले सीजन का ऑक्शन**

दरअसल, ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाएं आईपीएल ) के लिए फरवरी में ऑक्शन का आयोजन होगा। भारतीय खिलाड़ियों के लिए भेजे गए ड डाक्यूमेंट्स में बीसीसीआई ने कैप्ड और अनकैप्ड दोनों क्रिकेटरों को खिलाड़ी ऑक्शन रजिस्टर में दर्ज करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहा है। बता दें कि इसकी समय सीमा 26 जनवरी शाम 5 बजे रखी गई है।बता दें कि महिला आईपीएल के लिए होने वाले ऑक्शन में कैप्ड खिलाड़ियों की बेस प्राइज को 3 कैटेगरी में बांटा गया है। इसमें 50, 40 और 30 लाख रुपये शामिल है। अगर हम अनकैप्ड खिलाड़ियों की बेस प्राइस की बात करें तो वो 20 और 10 लाख रुपये रखी गई है। मौजूदा आईपीएल प्रोटोकॉल के अनुसार, ऑक्शन रजिस्टर में 5 फ्रेंचाइजी की छंटाई की जाएगी। ऐसा इसलिए ताकि नीलामी सूची तैयार की जा सके, जिसे बाद में बोली के लिए पेश किया जाएगा। साथ ही बता दें कि ऑक्शन में जिन खिलाड़ियों की बोली नहीं लग पाएगी, लेकिन 'पंजीकृत उपलब्ध खिलाड़ी पूल' में मौजूद होंगी, उन्हें बतौर रिप्लेसमेंट चुना जा सकेगा।

# 'वो कप्तानी के लायक नहीं हैं', रोहित शर्मा की फिटनेस पर कपिल देव ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, भारतीय टीम इस वक्त श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी–20 सीरीज खेल रही है, जिसमें टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा चोटिल होने के चलते बाहर है। बता दें कि टी–20 सीरीज के लिए रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि वनडे सीरीज में रोहित शर्मा वापसी करने वाले है। इसी बीच भारतीय पूर्व कप्तान कपिल देव ने रोहित की फिटनेस पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है। दरअसल, टीम इंडिया क नियमित कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। रोहित के अंगूठे में फील्डिंग के समय चोट लग गई थी, जिसके बाद से वो क्रिकेट मैदान से दूर नजर आ रहे है। बता दें कि रोहित श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से वापसी करने वाले है। लेकिन इसी बीच भारतीय पूर्व कप्तान कपिल देव ने रोहित शर्मा की फिटनेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा की क्षमता में कोई समस्या नहीं है, वह पिछले एक दशक में विराट कोहसी के साथ भारतीय बल्लेबाजी के स्तंभों में से एक रहे हैं, लेकिन उनकी फिटनेस सबसे बड़ी चिंता है। कपिल देव ने कहा, "रोहित शर्मा में कोई कमी नहीं है।

# चेतन शर्मा को बीसीसीआई ने दोबारा सेलेक्शन कमेटी का चीफ नियुक्त किया



नई दिल्ली, बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप में टीम की असफलता के बाद बड़ा एक्शन लेते हुए सेलेक्शन कमेटी को बर्खास्त कर दिया था। उसके तत्काल बाद ही बीसीसीआइ ने आवेदन भी मांगे थे, जिसकी आखिरी तारीख 28 नवंबर थी। चेतन शर्मा ने दोबारा चीफ सेलेक्टर बनने के लिए आवेदन किया था।

शनिवार को चेतन शर्मा को बीसीसीआई ने दोबारा सेलेक्शन कमेटी का चीफ नियुक्त किया। चयन समिति के पैनल में अन्य चयनकर्ताओं में दक्षिण क्षेत्र से एस शरथ, मध्य क्षेत्र से एसएस दास, पूर्व से सुब्रतो बनर्जी और पश्चिम क्षेत्र से सलिल अंकोला शामिल हैं।

**600 लोगों ने किया था आवेदन**

क्रिकेट सलाहकार समिति (उअउ) के सदस्यों, सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे ने अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति के सदस्यों के चयन के लिए एक व्यापक प्रक्रिया अपनाई। 18 नवंबर 2022 को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए पांच पदों के विज्ञापन के बाद बोर्ड को लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए थे। विचार–विमर्श और सावधानीपूर्वक विचार करने पर, उअउ ने व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए 11 व्यक्तियों को चुना।

इंटरव्यू के आधार पर समिति ने सीनियर भारतीय टीम की राष्ट्रीय चयन समिति के लिए सदस्यों की नियुक्ति।


ये लोग शामिल

1) चेतन शर्मा
2) शिव सुंदर दास
3) सुब्रतो बनर्जी
4) सलिल अंकोला
5) श्रीधरन शरथ

क्रिकेट सलाहकार समिति (उअउ) ने चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिए चेतन शर्मा की सिफारिश की। चयन समिति के पैनल में अन्य चयनकर्ताओं में दक्षिण क्षेत्र से एस शरथ, मध्य क्षेत्र से एसएस दास, पूर्व से सुब्रतो बनर्जी और पश्चिम क्षेत्र से सलिल अंकोला शामिल हैं।

## फिल्मी गपशप

# गदर 2 से सनी देओल की दिखी पहली झलक, इस बार पहिया उठाए नजर आए तारा सिंह




सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर एक प्रेमकथा को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब करीब दो दशक बाद फिल्म का सीक्वल आने जा रहा है। जाहिर है, इसे लेकर फिल्म के प्रशंसकों में खासा उत्साह है। वे तारा सिंह के किरदार में सनी को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं। अब इस किरदार में सनी की पहली झलक दिखाई दी है। फिल्म में सनी एक बार फिर से पुराने अंदाज में तेज–तर्रार नजर आएंगे।

जी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें इस साल आने वाली फिल्मों की झलकियां हैं। इनमें सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान, अजय देवगन की मैदान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी जैसी फिल्में शामिल हैं। इसी वीडियो में गदर की भी एक झलक दिखाई गई। तारा सिंह की महज एक झलक ने ही प्रशंसकों को खुश कर दिया है। अंदाजा है कि निर्माताओं ने किरदार का पुराना अंदाज बरकरार रखा है। इस वीडियो में सनी देओल बैल गाड़ी का एक पहिया गुस्से में उठाए नजर आ रहे हैं। इस दृश्य ने लोगों को सनी के हैंडपंप उखाड़ने वाले आइकॉनिक दृश्य की याद दिला दी। गदर फिल्म का यह दृश्य काफी चर्चित है जिसमें तारा सिंह हाथों से ही एक हैंडपंप उखाड़ देता है। यह दृश्य सनी की पहचान के साथ जुड़ चुका है। यही कारण है कि पहिया उठाए सनी को देखकर लोगों को उनके पुराने अंदाज की याद आ गई। जहां पिछली फिल्म विभाजन के पृष्ठभूमि पर बनी थी वहीं यह फिल्म 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि पर होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार जहां पिछली बार तारा सिंह ने पत्नी सकीना को वापस लाने के लिए सरहद पार की थी, वहीं इस बार वह बेटे की सलामती के लिए युद्ध के बीच में सरहद पार करेगा। फिल्म में तारा के बेटे के किरदार में उत्कर्ष शर्मा नजर आएंगे, जिन्होंने गदर में भी यह भूमिका निभाई थी। गदरः एक प्रेमकथा एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन अनिल शर्मा ने किया था। फिल्म में सनी, अमीषा और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में दिखे थे। यह फिल्म 1947 में हुए भारत विभाजन की कहानी पर आधारित है।

# खुशहाल और स्वस्थ शुरुआत हुईः अतिदि शर्मा



नए साल की खुशहाल और स्वस्थ शुरुआत हुई है। यह पुराने गिले–शिकवों और बुरी यादों को भुलाकर ज़िंदगी में एक नया अध्याय शुरू करने का समय है। साल 2023 से बहुत ज्यादा उम्मीदें बंध गई हैं।

रब से है दुआ में दुआ के रोल में नजर आ रहीं अदिति शर्मा ने कहा मुझे अपनी सेहत और फिटनेस के लिए कुछ समय मिला, जो मैं काफी समय से करना चाहती थी, और मैं 2023 में भी इसे जारी रखूंगी। मेरे लिए नए साल का मतलब है अपने परिवार के साथ चलिटी टाइम बिताना, अच्छा खाना खाना, अपनी सेहत ख्याल रखना और कड़ी मेहनत करना। मीत में मीत हुड्डा की भूमिका निभा रहीं आशी सिंह बताती हैं मीत में लीप आने वाला है जिसमें एक बड़ा रोमांचक सीक्वेंस होगा, इसलिए मैं इस शो की शूटिंग करूंगी और मेरा कोई खास प्लान नहीं है। कुमकुम भाग्य में सिद्धार्थ के रोल में नजर आ रहे कुशाग्र नौटियाल ने कहा इस साल, मैं कोई संकल्प नहीं कर रहा हूं, मैं बस ढेर सारे प्यार और खुशी के साथ इस नए साल का आनंद लेना चाहता हूं। प्यार का पहला नाम राधा मोहन में राधा की भूमिका निभाने वालीं निहारिका रॉय ने कहा, मेरे दिल में इस साल की एक खास अहमियत है,

# अभिनेता ऋतिक रोशन ने 2023 की शुरुआत में दिखाए सिक्स पैक एब्स



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन की 2023 की पहली पोस्ट ने सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोरी हैं और सही कारणों से इंटरनेट पर कब्जा कर लिया है। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए अपने सिक्स–पैक एब्स और पूरी तरह से फिट बॉडी को दिखाया है। ऋतिक ने लिखा, ठीक है। चलते हैं। हैशटैग 2023।

जैसे ही उन्होंने तस्वीर साझा की, उनके दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ की। वरुण धवन ने टिप्पणी करते हुए कहा, ठीक है फिर। पुनीत मल्होत्रा ने लिखा, बूम! इसके बाद एक फायर इमोटिकॉन। पिछले महीने ऋतिक अपने बेटे रेहान और रिधान, गर्लफ्रेंड सबा आजाद और कजिन ईशान और पश्मीना के साथ फ्रांस में छुट्टियां मना रहे थे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, ऋतिक अगली बार दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म फाइटर में नजर आएंगे। उन्हें आखिरी बार पर्दे पर विक्रम वेधा में देखा गया था, जिसमें सैफ अली खान और राधिका आप्टे भी थे।

# जी5 ने दिलजीत और सरगुन अभिनीत बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर की घोषणा की

जी5, भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जिस पर पंजाबी जगत की आकर्षक और मनोरंजक फिल्में पेश की हैं। हाल ही अपनी लाइब्रेरी में पंजाब की धमाकेदार जोड़ी दिलजीत दोसांझ और सरगुन मेहता की कॉमेडी–रोमांस ड्रामा हिट फिल्म – बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने पेश करने जा रहे हैं। फिल्म तीन दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमती है जो एक अमीर जीवन जीने के मिशन पर हैं। बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने 6 जनवरी 2023 से दर्शकों के लिए जी5 स्ट्रीम करेगी।

स्टोरीटाइम प्रोडक्शंस के साथ ठिंड मोशन फिल्म्स द्वारा सह–निर्मित फिल्म बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने, जिसका निर्देशन अमरजीत सिंह सरों द्वारा किया गया है, किरदार जग्गी [दिलजीत दोसांझ] और उसके दो दोस्तों की कहानी है, जो अमीर बनने के अनोखे जुगाड़ लगाने की तरकीबें बनाते दिखाई देते हैं।



अचानक उन्हें एक बुजुर्ग बीमा पॉलिसी के बारे में पता चलता है जिसके लिए वो कानूनी रूप से एक वृद्धाश्रम से वृद्ध व्यक्ति इकबाल को गोद लेते हैं जिसे उसके बच्चों ने छोड़ दिया और बहुत बीमार है। कहानी तब पलट जाती है जब इक़बाल की तबियत ठीक होने लगती है और जग्गी की तरकीब नाकाम होती नज़र आती है।

बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने को दर्शकों द्वारा सिनेमा घरों में बहुत प्रशंसा मिली थी जिसके लिए इसे 7.4 की आईएमडीबी की शानदार रेटिंग मिली थी। बेहतरीन डायलॉग डिलीवरी के साथ, बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने जी5 पर भी दर्शकों को गुदगुदाने के लिए 190+ देशों में स्ट्रीम करेगी।डिजिटल प्रेमियर पर जी5 इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, मनीष कालरा कहते हैं, मुझे खुशी है कि यह ब्लॉकबस्टर फिल्म – बाब्बे भंगड़ा पौंदे ने को हमारे कंटेंट पोर्टफोलियो में जोड़ा गया है।

फिल्म को सिनेमाघरों में दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी और हमें यकीन है जी5 पर भी इसे दर्शकों द्वारा प्रशंसा मिलेगी। मैं आशा करता हूँ कि दिलजीत और पूरी कास्ट के शानदार प्रदर्शन के साथ, यह फैमिली एंटरटेनर निश्चित रूप से सफल होगी।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com